●वर्ष : 16 ●अंक : 258 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

दैनिक
# लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित शुक्रवार 10 जनवरी 2025

# बीजेपी के लिए दिल्ली में जीत का फॉर्मूला क्या है?

## केजरीवाल के खिलाफ कांग्रेस ने बदली रणनीति

### ›› आखिर ऐसा क्यों

इन आंकड़ों को देने का मतलब ये है कि दरअसल, दिल्ली में 32 प्रतिशत वोट शेयर भाजपा का पक्का है. जो किसी भी स्थिति में भाजपा के साथ रहता है. हालांकि, लोकसभा चुनावों में बढ़कर 54-56 फीसदी तक चला जाता है. यानी 23-24 फीसदी वोटर्स दिल्ली के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में अलग-अलग तरीके से मतदान करते हैं. विधानसभा में वो केजरीवाल के साथ जाते हैं और लोकसभा में बीजेपी के साथ. मगर इसका कारण क्या है? साफ है कि दिल्ली के वोटर्स को बीजेपी से ऐतराज नहीं है. वो दिल्ली में केजरीवाल को जिता रहे हैं कि उन्हें लगता है कि केजरीवाल उनके लिए ज्यादा फायदेमंद हैं. तो केजरीवाल कैसे दिल्ली वालों का फायदा करा रहे।




### ›› कांग्रेस की क्या रणनीति

इससे पहले दिल्ली में महिलाओं के लिए कांग्रेस ने बड़ी घोषणा की है. हाल ही में कांग्रेस दिल्ली की महिलाओं के लिए प्यारी दीदी योजना का ऐलान कर चुकी है. कांग्रेस की इस योजना के तहत सरकार बनने पर हर महीने महिलाओं को 2500 रुपये दिए जाएंगे. प्यारी दीदी योजना के ऐलान पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार मौजूद रहे थे. उन्होंने योजना के ऐलान पर कहा था कि हमें इसे उसी मॉडल पर लागू करेंगे, जिसे हमने कर्नाटक में लागू किया था. साफ है कि कांग्रेस और बीजेपी इस बार केजरीवाल की पिच पर ही मात देने की तैयारी में हैं. मुस्लिम वोटों पर खासतौर पर कांग्रेस की नजर है और अपने घोषणापत्र में वो उनके लिए कुछ खास घोषणाएं कर सकती है. जाहिर है कांग्रेस भी इस बार केजरीवाल से 2013 का हिसाब-किताब पूरा करने की पूरी तैयारी के साथ उतर रही है. कारण आम आदमी के ओरिजनल वोटर तो कांग्रेस के ही हैं. अगर, कांग्रेस उन्हें ये भरोसा दिला पाती है कि वो सरकार बनाने के लिए लड़ रही है तो ये वोट बैंक वापस आ सकता है।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** बीजेपी के लिए दिल्ली अब तक दूर ही रही है. 1956 के बाद पहली बार 1993 में दिल्ली विधानसभा चुनाव का गठन हुआ तो बीजेपी ने प्रचंड जीत हासिल की. मदन लाल खुराना सीएम बने. 5 साल के कार्यकाल में मदन लाल खुराना के बाद साहिब सिंह वर्मा और सुषमा स्वराज सीएम बनीं. मगर 1998 के चुनाव हुए तो कांग्रेस की सरकार बनी. शीला दीक्षित सीएम बनीं और 2003, 2008 में भी लगातार बीजेपी को हराते हुए सीएम बनीं। सन 2011 में अन्ना हजारे दिल्ली में जन-लोकपाल की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठते हैं, जिसे देश भर के लोगों का सहयोग मिलता है. अरविंद केजरीवाल एक सेवक की तरह अन्ना हजारे के साथ रहते हैं. कांग्रेस की अगुवाई में चल रही केंद्र सरकार पर कई तरह के आरोप लगते हैं. शीला सरकार भी कई तरह के आरोपों में घिर जाती है. 2 अक्तूबर 2012 को अन्ना हजारे के मना करने के बाद भी अरविंद केजरीवाल एक पार्टी बना लेते हैं 2013 में विधानसभा चुनाव हुए तो सभी को चौंकाते हुए आप 29.70 फीसदी वोटों के साथ 28 सीटों पर जीत गई. 2008 में 40 फीसदी से अधिक वोट शेयर के साथ 43 सीटें जीतने वाली कांग्रेस के पास महज 24.70 फीसदी वोट रह गए और वो महज 8 सीट जीत पाई. बीजेपी का वोट शेयर भी 2008 के 36.3 फीसदी के मुकाबले 33.2 फीसदी आ गया. वो 31 सीटें जीत तो गई लेकिन बहुमत के आंकड़े से चूक गई. फिर

### ›› केजरीवाल लोकसभा चुनाव में फेल

फिर 2015 में आप को 54.5 फीसदी वोट मिले और 67 सीट जीत ली. कांग्रेस का वोट शेयर 9.7 पर आ गया और वो एक भी सीट नहीं जीत पाई. बीजेपी 32.3 फीसदी वोट लाकर भी 3 सीट ही जीत पाई. 2020 के विधानसभा चुनाव में आप को 53.8 फीसदी वोट मिले और 62 सीटें जीत गई. बीजेपी 38.7 फीसदी वोटों के साथ इस बार भी 8 सीटें ही जीत पाई. कांग्रेस 4.3 फीसदी वोटों के साथ इस बार भी खाता न खोल सकी. हालांकि, 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 46.4%, आम आदमी पार्टी को 32.9% और कांग्रेस को 15.1% वोट मिले. वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 56.8%, आम आदमी पार्टी को 18.1% और कांग्रेस को 22.5% वोट मिले. वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को 54.35 फीसदी, आप को 24.71 फीसदी और कांग्रेस को 18.91 फीसदी मत मिले।

कांग्रेस से किसी भी कीमत पर गठबंधन न करने की कसम खाने वाले और उसे भ्रष्टाचार की जननी बताने वाले अरविंद केजरीवाल ने उसी की मदद से सरकार बना ली और मुख्यमंत्री बन गए. हालांकि, 49 दिनों बाद ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया। दरअसल, केजरीवाल ने 200 यूनिट तक फ्री बिजली और पानी की योजना चला रखी है. इससे बहुत सारे लोगों को सीधा लाभ मिलता है. महिलाओं के लिए अब तक बस यात्रा फ्री कर रखी है. इससे गरीब तबके के वोटर्स केजरीवाल की तरफ विधानसभा चुनाव के दौरान झुकाव रखते हैं. इस बार बीजेपी के बढ़ते प्रभाव के कारण केजरीवाल ने सभी महिलाओं को सरकार बनने पर 2100 रुपये देने का वादा कर दिया है. जाहिर है, केजरीवाल को भी पता है कि उन्हें वोट इन फ्री वाली योजनाओं के कारण ही मिल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार बीजेपी मतदाताओं से कई बड़े वादे कर सकती है. पार्टी की तरफ से 300 यूनिट फ्री बिजली, मुफ्त पानी और लाडली बहना योजना के तरह ही दिल्ली की महिलाओं के लिए

### ›› बीजेपी क्या कर रही

अब तक केजरीवाल दिल्ली के मिडिल क्लास के बीच कट्टर ईमानदार की छवि के कारण लोकप्रिय थे. बीजेपी और कांग्रेस ने इस इमेज को बहुत हद तक डेंट कर दिया है. जेल जाने के बाद मिडिल क्लास अब केजरीवाल के समर्थन में उस तरह नहीं, जैसा पहले दिखता था. युमना से लेकर गलियों की सफाई, कूड़े के ढेर और वायु प्रदूषण को लेकर अपर मिडिल क्लास पहले ही केजरीवाल से नाराज है. ऐसे में बीजेपी को पता है कि उसे अब सिर्फ उन गरीब मतदाताओं को टारगेट करना है, जो फ्री योजनाओं के कारण केजरीवाल को वोट कर रहे हैं. इसीलिए बीजेपी ने इस बार केजरीवाल से भी ज्यादा 'दरियादिल' घोषणापत्र लाने की तैयारी कर रखी है।

किसी योजना की शुरूआत हो सकती है. सूत्रों के अनुसार बीजेपी मंदिरों और गुरुद्वारों जैसे धार्मिक स्थानों पर 500 यूनिट तक बिजली देने की भी योजना बना रही है।

## ज्वलंत मुद्दा
## सम्पादकीय



### अमेरिकी आर्थिक नीतियां अन्य देशों को विपरीत रूप से कर सकती है प्रभावित

वैश्विक स्तर पर अमेरिकी डॉलर लगातार मजबूत हो रहा है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अन्य देशों की मुद्राओं की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में गिर रही है। इससे, विशेष रूप से विभिन्न वस्तुओं का आयात करने वाले देशों में वस्तुओं के आयात के साथ मुद्रा स्फीति का भी आयात हो रहा है। इन देशों में मुद्रा स्फीति बढ़ती जा रही है और इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से एक बार पुनः ब्याज दरों में वृद्धि की सम्भावना भी बढ़ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक को अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए के अवमूल्यन को रोकने के लिए भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में से लगभग 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर को बेचना पड़ा है जिससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चत्तम स्तर 70,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर से घटकर 65,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर के भी नीचे आ गया है। अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होने के चलते विश्व के लगभग सभी देशों की यही स्थिति बनती हुई दिखाई दे रही है। दूसरी ओर, अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि अपने उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है एवं अमेरिका को इसे नियंत्रित करने के लिए अपनी आय में वृद्धि करना एवं व्यय को घटाना आवश्यक हो गया है। परंतु, 20 जनवरी 2025 को डॉनल्ड ट्रम्प के अमेरिका के राष्ट्रपति बनते ही सम्भव है कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा आयकर में भारी कमी की घोषणा की जाय। डॉनल्ड ट्रम्प ने अपने चुनावी भाषण में इसके बारे में इशारा भी किया था। हां, सम्भव है कि आयकर को कम करने के चलते कुल आय में होने वाली कमी की भरपाई अमेरिका द्वारा कच्चे तेल के उत्पादन में वृद्धि कर इसके निर्यात में वृद्धि एवं अमेरिका में विभिन्न वस्तुओं के अमेरिका में होने वाले आयात पर कर में वृद्धि करने के चलते कुछ हद तक हो सके। परंतु, कुल मिलाकर यदि आय में होने वाली सम्भावित कमी की भरपाई नहीं हो पाती है तो अमेरिका में बजटीय घाटा एवं बाजार ऋण की राशि में अतुलनीय वृद्धि सम्भव है। जो एक बार पुनः अमेरिका में मुद्रा स्फीति को बढ़ा सकता है और फिर से अमेरिका में ब्याज दरों में कमी के स्थान पर वृद्धि देखने को मिल सकती है।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## समाचार

### नाबालिग की तस्करी और रेप का मामला, दिल्ली की अदालत ने तय किए आरोप

**दिल्ली।** की एक अदालत ने प्रथम दृष्टया मामला मिलने के बाद एक नाबालिग की तस्करी और बलात्कार के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप तय किए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुशील बाला डागर ने एक बाल कर्मचारी का शोषण करने के लिए एक महिला के खिलाफ भी आरोप तय किए, पर्याप्त सबूतों की कमी की ओर इशारा करते हुए एक अन्य आरोपी को बरी कर दिया। मामला फिरोज उर्फ ??मोहम्मद जुमरात, रेनू तोरा और दीपक जैन के खिलाफ था। 23 दिसंबर, 2024 को अदालत के फैसले में कहा गया कि 29 जनवरी, 2022 को एफआईआर दर्ज होने से कुछ साल पहले, आरोपी फिरोज ने पीड़िता को अलग-अलग घरों में घरेलू कामों के लिए प्रेरित किया और भर्ती किया और उसका यौन उत्पीड़न किया और सहमति हासिल करने के लिए उसे भुगतान भी किया।

इसमें कहा गया है कि फिरोज और उसके साथी तोरा ने नाबालिग की कमाई रोक ली, जो उन्हें उसके नियोक्ता जैन से मिली थी। फिरोज के खिलाफ आईपीसी की धारा 370, 370 ए, 376 2, 376, 174 ए के तहत आरोप तय किए गए। अदालत ने उनके खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम की धारा 6 और जेजे अधिनियम के तहत धारा 79 के तहत भी आरोप तय किए। प्रथम दृष्टया आरोपी रेनू तोरा के खिलाफ जेजे एक्ट की धारा 79 के तहत आरोप बनता है। उक्त धाराओं के तहत तय किए गए आरोपों को आरोपी फिरोज और रेनू तोरा को पढ़ा गया है।

## दिल्ली विधानसभा चुनावों को लेकर बीजेपी चुनाव समिति की बैठक आज



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव को लेकर आज बीजेपी चुनाव समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में दिल्ली चुनावों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही बैठक के बाद बीजेपी के वरिष्ठ नेता स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं से भी मुलाकात करेंगे। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में शेष सीटों के लिए उम्मीदवारों को अंतिम रूप देने के लिए भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति 10 जनवरी को बैठक करेगी। प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य सीईसी सदस्यों के भाग लेने की उम्मीद है। इससे पहले, भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बहुकोणीय स्थिति तैयार करते हुए 29 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की थी। सूत्रों के हवाले से खबर है कि 10 जनवरी को बीजेपी उएउ की बैठक होनी है। बैठक में बीजेपी बाकी 41 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम को अंतिम रूप देगी। बैठक में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ बीजेपी नेता मौजूद रहेंगे।

## दिल्ली विधानसभा चुनावः झुग्गी वोटर्स पर बीजेपी की नजर

### प्रधानों से मिलेंगे गृह मंत्री अमित शाह

नूना न्यूज एजेंसी।



**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की तरफ से तैयारी तेज कर दी गयी है. इस चुनाव में शहरी वोटर्स के साथ-साथ बीजेपी की नजर झुग्गियों में रहने वाले मतदाताओं पर भी है. बीजेपी झुग्गी बस्तियों में पहुंच बढ़ाने पर काम कर रही है. गृह मंत्री अमित शाह 11 जनवरी को झुग्गी प्रधानों के साथ बैठक करेंगे। अमित शाह झुग्गी बस्तियों के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में बताएंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में झुग्गी झोपड़ी मतदाताओं की बड़ी भूमिका होती रही है. बीजेपी नेताओं ने जेजे क्लस्टर में रात बिताने का अभियान भी शुरू किया था. जहां झुग्गी वहां मकान बीजेपी की केंद्र सरकार ने इसका अभियान भी चलाया है।

**दिल्ली में 5 जनवरी को डाले जाएंगे वोट**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान 5 फरवरी को होगा, और मतगणना 8 फरवरी को की जाएगी. चुनाव आयोग ने 7 जनवरी को चुनाव की तारीख का ऐलान किया था. दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है. इस चुनाव में एक बार फिर त्रिकोणीय मुकाबले की संभावना है।

**दिल्ली में 675 झुग्गी झोपड़ी क्लस्टर हैं**

पीएम मोदी ने पिछले हफ़्ते ही दिल्ली के अशोक विहार में 1675 फ़्लैट दिए थे। दिल्ली में 675 झुग्गी झोपड़ी क्लस्टर है। इनमें 21% पूर्वी और उत्तर पूर्वी लोक सभा सीटों पर हैं. पिछले दो विधानसभा चुनाव से आम आदमी पार्टी को इन इलाकों में अच्छा समर्थन मिला था। बीजेपी इस बार इन वोटों को अपने पाले में लाने के लिए जोर लगा रही है। बीजेपी ने झुग्गी बस्ती विस्तारक अभियान के तहत।

## बीजेपी सांसद एटाला राजेंदर ने उर्स ख्वाजा अजमेरी के लिए मीर फिरासत अली बाकरी की चादर का जिक्र किया।

नूना न्यूज एजेंसी।





**हैदराबाद।** 9 जनवरी सांसद मुलकजगिरी एटाला राजिंदर ने आज भाजपा तेलंगाना के पूर्व राज्य प्रवक्ता मीरफ्रास्ट अली बकेरी को चादर भेंट की, जिसे भाजपा कार्यालय डॉ. ख्वाजा अजमेरी के विवाह समारोह के अवसर पर अजमेर शरीफ दरगाह में पेश किया जाएगा। आज श्याम प्रसाद मुखर्जी भवन में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान राजिंदर ने सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के उर्स समारोह के अवसर पर चादरपोशी की। इस मौके पर एटाला राजिंदर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 11 साल से अजमेर में चादर भेज रहे हैं. वह, अपने कैबिनेट सहयोगियों, विशेष रूप से केंद्रीय मंत्री किरण रिजु के साथ, उर्स ख्वाजा अजमेरी के अवसर पर बड़ी भक्ति और सम्मान दिखाते हुए चादरें भेज रहे हैं, यह सुनिश्चित करके कि देश को विकसित और समृद्ध बनाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र सरकार जाति भेद के बिना महान देश के प्रत्येक नागरिक के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर परवीन कुमार, संयोजक चारमीनार विधानसभा क्षेत्र, चंद्रशेखर (एससी मोर्चा के राज्य उपाध्यक्ष) भी उपस्थित थे। राजिंदर से चादर स्वीकार करते हुए मीर फरस्त अली बाकेरी ने कहा कि वह देश के नागरिकों के कल्याण और विकास के लिए प्रार्थना करेंगे।

# पुणे की कानून-व्यवस्था पर बोले अजित पवार

## अगर पुलिस अपराध से निपटने में असमर्थ है तो...

नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि अगर पुलिस सभी बुनियादी ढांचागत समर्थन दिए जाने और अपने काम में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होने के बावजूद पुणे में अपराध पर लगाम लगाने में असमर्थ है तो इसमें कहीं न कहीं कमी हो सकती है। महाराष्ट्र का दूसरा सबसे बड़ा शहर अक्सर 'कोयता' गिरोहों के लिए चर्चा में रहता है, जिनका नाम विरोधियों को काटने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले हंसिया-प्रकार के लंबे ब्लेड वाले हथियारों से मिला है। इनमें से कई हमले सीसीटीवी में कैद हो गए हैं, जिससे आम नागरिकों में भय और परेशानी बढ़ गई है। अजित पवार ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और मैंने इस पर संज्ञान लिया है क्योंकि मैं राज्य के इस हिस्से का प्रतिनिधित्व करता हूं। हम ऐसी चीजों में किसी भी




राजनीतिक हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देते हैं। इतनी आजादी और ढेर सारी सुविधाओं के बावजूद, जिसमें बुनियादी ढांचा, मानव बल, आवास, पिंपरी चिंचवड़ में नए कार्यालय, एसपी कार्यालय और सीपी कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा किअब भी वरीय पुलिस अधिकारी अपराध पर नियंत्रण पाने में विफल हो रहे हैं। यदि वे इसे संभालने में असमर्थ हैं, तो उन्हें हमें बताना चाहिए कि यह उनके हाथ में नहीं है, फिर हम इस खतरे को नियंत्रित करने के लिए बेहतर अधिकारी यहां लाएंगे। मैं आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ इसकी समीक्षा करूंगा। बीड सरपच संतोष देशमुख की हत्या पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कई जांच एजेंसियां, चाहे वह सीआईडी एसआईटी हो या पुलिस, मामले की जांच कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मैंने इस बारे में सीएम से भी बात की। यदि शीर्ष स्तर पर कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी। हम एक ही पंक्ति में हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यह क्रूर हत्या थी। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा।

## बेटी को अपनी शिक्षा का खर्च माता-पिता से लेने का वैध अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

**दिल्ली।** वैवाहिक विवाद की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एक बेटी के पास अपने माता-पिता से शिक्षा का खर्च उठाने का वैध अधिकार है. बेटी को अपनी शिक्षा जारी रखने का मौलिक अधिकार है. इसके लिए माता-पिता को अपने वित्तीय संसाधनों की सीमा के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने अनुच्छेद 142 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करके एक जोड़े को तलाक देते हुए कहा कि समझौते के अनुसार, पति ने अलग रह रही पत्नी को 30 लाख रुपये और बेटी को 43 लाख रुपये के दो हिस्सों में 73 लाख रुपये की राशि का भुगतान करने पर सहमति व्यक्त की थी. पक्षकारों के वकील ने न्यायालय को सूचित किया कि पति ने पत्नी को 15-15 लाख रुपये की दो किश्तों में ये रकम अदा कर दी है। तलाक लेने वाले जोड़े के वकील ने बताया कि आयरलैंड में पढ़ रही बेटी ने 43 लाख रुपये लेने से इनकार करते हुए अपने पिता को रकम वापस लेने पर जोर दिया है. वो ये 43 लाख रुपये नहीं रखना चाहती. हालांकि, पिता ने 43 लाख रुपये लेने से इनकार कर दिया है। इस पर पीठ ने कहा कि हमारा मानना है कि 43 लाख रुपये एक ऐसी राशि है।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु के दस मछुआरों को गिरफ्तार किया



**चेन्नई ।** तमिलनाडु के कराईकल से दस भारतीय मछुआरों को गुरुवार तड़के श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया। नौसेना ने मछुआरों की नाव भी जब्त कर ली है। मछुआरों को आगे की पूछताछ और जांच के लिए श्रीलंकाई नौसेना के कांकेसंथुराई शिविर में ले जाया गया है। 16 जून 2024 से अब तक श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर तमिलनाडु के 425 मछुआरों को गिरफ्तार किया है और 58 महंगी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त किया है। इनमें से अनेक मछुआरे अभी भी श्रीलंका की जेलों में बंद हैं। इन्हें रिहा कराने की मांग को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं, तथा सरकार से हस्तक्षेप की मांग की जा रही है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 29 लाख रुपये का सोना बरामद



**नई दिल्ली।** दिल्ली के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक भारतीय यात्री के पास से 29 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया है। यात्री ने कपड़ों के बटन में सोना छिपाया हुआ था। सीमा शुल्क विभाग ने मंगलवार को यह जानकारी दी। विभाग ने बताया कि आरोपी सोमवार को सऊदी अरब के जेद्दा से यहां आया था, जिसके बाद उसे रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अधिकारियों ने 'स्पॉट प्रोफाइलिंग' तकनीक के जरिए 'ग्रीन चैनल' निकास पर यात्री को चिह्नित किया। उसके सामान की जांच करने पर संदिग्ध तस्वीरें सामने आईं।'' उसने कहा, ''यात्री किसी भी तरह की आवाज हुए बिना डीएफएमडी (डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर) को पार कर गया था, लेकिन उसके सामान की सही से जांच करने पर चांदी की परत चढ़े हुए 201 छल्ले बरामद किए गए। ये छल्ले सोने के लग रहे थे और इन्हें बहुत ही चतुराई से कपड़ों के धातु बटनों के रूप में छिपाया गया था।''

### मणिपुर के काकचिंग में दो उग्रवादी गिरफ्तार



**मणिपुर ।** सुरक्षा बलों ने जबरन वसूली गतिविधियों में संलिप्तता के आरोप में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबंगनबा) के दो सदस्यों को मणिपुर के काकचिंग जिले से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों काकचिंग जिले के सुगनू, चेयरेल और काकचिंग खुनौ इलाके में जबरन वसूली की गतिविधियों में संलिप्त थे और बुधवार को उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस बीच, सुरक्षा बलों ने बुधवार को कांगपोकपी जिले में तलाशी अभियान के दौरान गोला-बारूद और अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र जब्त किए।

नागरिकों को हवाई हमलों के जरिए निशाना बनाया जाना जारी

# यूक्रेन युद्ध की शुरुआत के करीब तीन वर्ष बाद भी शांति की धुंधली उम्मीदें



एजेंसी, नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय ने आगाह किया है कि रूसी सैन्य बलों द्वारा यूक्रेनी आम नागरिकों को हवाई हमलों के जरिए निशाना बनाया जाना जारी है। इसमें लंबी दूरी की मिसाइलों व ड्रोन विमानों समेत अन्य बमों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यूएन कार्यालय ने जोर देकर कहा कि अन्य स्थानों पर आम लोगों की तरह यूक्रेनी नागरिकों के पास भी शांति पाने का अधिकार है। मानवाधिकार मामलों के लिए उप-उच्चायुक्त नाडा अल-नशीफ ने बुधवार को जिनीवा में मानवाधिकार परिषद को यूक्रेन में मानवाधिकारों की स्थिति पर आयोजित एक बैठक में बताया कि इन हमलों के जरिए यूक्रेन के पूर्वी क्षेत्र में और अधिक इलाके को अपने नियंत्रण में लेने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन पर रूसी सैन्य बलों के पूर्ण आक्रमण के तीन वर्ष पूरे होने से पहले एक शांतिपूर्ण निपटारे की दिशा में प्रगति धुंधली नजर आ रही है, जबकि टकराव में खतरनाक तेजी आई है। यह रिपोर्ट पिछले वर्ष 1 सितंबर से 30 नवंबर की अवधि पर आधारित है। रूसी सैन्य बलों के हमलों में अब तक 574 नागरिकों की जान जा चुकी है, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। जुलाई 2022 के बाद सितम्बर महीने में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए। उन्होंने कहा कि रूसी बमबारी में जल आपूर्ति, तापन व्यवस्था व परिवहन सेवाओं समेत बुनियादी ढांचे को भीषण क्षति पहुंची है। यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर भी बड़े हमले किए गए हैं। ओएचसीएचआर उप-उच्चायुक्त द्वारा लगाए गए इन आरोपों को रूसी प्रतिनिधिमंडल ने खारिज करते हुए यूक्रेनी सैन्य बलों पर रूस के विभिन्न क्षेत्रों में आतंकी कृत्यों को अंजाम देने का आरोप लगाया। यूक्रेनी प्रतिनिधि ने रूसी सैन्य बलों के घातक हमलों की निंदा की। नए साल की पूर्व संध्या पर राजधानी कीव पर हुए हमलों में 100 ड्रोन विमानों का इस्तेमाल किया गया, जिसमें दो लोग मारे गए व सात घायल हुए। उप उच्चायुक्त अल-नशीफ ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून, मानवतावादी कानून के बढ़ते उल्लंघन मामलों के प्रति सचेत किया और कहा कि युद्ध अपराधों को अंजाम दिए जाने की भी आशंका है। यूक्रेनी युद्धबंदियों ने व्यापक स्तर पर व्यवस्थागत ढंग से यातना दिए जाने की बात कही है।

## दिल्ली पहुंचे आकाश कुमार मित्तल, कहा— सस्पेंस थ्रिलर है 'मनचलों की मस्ती'




**नई दिल्ली।** अभिनेता आकाश कुमार मित्तल शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। यहां वह अपनी मूवी 'मनचलों की मस्ती' के प्रमोशन के लिए आए थे। आकाश ने कहा कि मूवी का ट्रेलर हाल ही में लॉन्च हुआ है। उन्होंने बताया कि सस्पेंस थ्रिलर है, जो आखिरी तक दर्शकों को सीट से उठने नहीं देगी। इसमें सस्पेंस और ड्रामे के कॉकटेल मिलेगा। फिल्म में हर मोड़ पर एक रोमांच देखने को मिलेगा। तेजी से बदलते दृश्यों, एक भूतिया बैकग्राउंड स्कोर और रोंगटे खड़े कर देने वाले दृश्यों से भरपूर 'मनचलों की मस्ती' रोमांच से भरी कहानी है। हाल ही में 'मनचलों की मस्ती' का ट्रेलर लॉन्च किया गया था। दिनेश शाहदेव ने इसका निर्देशन किया था, जबकि इसके निमार्ता विजय कुमार अग्रवाल हैं। संदीप स्वरांश व शाहदेव ने इसकी कहानी लिखी है। झारखंड के रांची के रहने वाले आकाश ने इससे पहले 'सेटलमेंट' में भी अभिनय किया था। उन्हों ने कहा कि इस मूवी में काम करना काफी चैलजिंग रहा। उनके सहायक कलाकारों में करुणा सिंह, कल्पना, साक्षी श्रेया भी शामिल हैं। सुंदर सिनेमैटोग्राफी और मनोरंजक कहानी दर्शकों को पूरे समय बांधे रखने का दम भरती है। आकाश ने कहा कि वे एक ऐसी फिल्म बनाना चाहते थे, जो दर्शकों को अंत तक केवल अनुमान लगाने पर मजबूर करे। यही वजह रही कि पूरी टीम ने इस फिल्म को बनाने में दिन–रात एक कर दिया है। फिल्म 10 जनवरी 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को मनोरमा पिक्चर्स एंड एंटरटेनमेंट और विजय एंड टू स्टार्स एंटरटेनमेंट मिलकर लाए हैं। इस फिल्म का पूरे देश में वितरण का अधिकारी फर्स्ट फिल्म स्टूडियो एलएलपी के पास है।

## जाट समाज के ओबीसी आरक्षण पर आप और भाजपा बेनकाब चोकाने वाला बड़ा खुलासा - देवेंद्र यादव



**नई दिल्ली, 9 जनवरी, 2025–** दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि केंद्र की कांग्रेस सरकार ने जाट समाज को केंद्रीय सूची में दिल्ली सहित देश के नो राज्यों में जाट आरक्षण 4 मार्च 2014 को प्रदान कर उसकी अधिसूचना क्रमांक 20012/29/2009-इउ जारी कर दी थी । दिल्ली के अलावा बिहार गुजरात हरियाणा हिमाचल प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जारी की थी। मगर सुप्रीम कोर्ट ने उसे 17/3/ 2015 के फैंसले में खारिज कर दिया क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने उसकी पैरवी सुप्रीम कोर्ट में नहीं की और न ही दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने उस वक्त मुखरता से उस वक्त आवाज उठाई। अब जब दिल्ली में चुनाव हैं तो केजरीवाल और मोदी सरकार जाट समाज के भावनाओं से खेल रहे हैं जो बेहद शर्मनाक हैं ।

## राहुल के दबाव में कांग्रेस आत्महत्या को तैयार

राहुल गांधी से हरी झंडी मिलने के बाद ही अजय माकन ने पत्रकार वार्ता की थी। लेकिन, दबाव के बाद दूसरी पत्रकार वार्ता रद्द कर दी।




अजय माकन एक पत्रकार वार्ता करने वाले थे, जिसमें उन्होंने केजरीवाल के राष्ट्र विरोधी होने के सबूत देने का वादा किया था। राहुल गांधी ने अजय माकन को वह पत्रकार वार्ता करने से रोक दिया, क्योंकि संजय सिंह और आतिशी मार्लेना ने राहुल गांधी को धमकी दी थी कि अगर अजय माकन को नहीं रोका गया तो इंडी गठबंधन तोड़ दिया जाएगा। उन्होंने राहुल गांधी को 24 घंटे की मोहलत दी थी कि अजय माकन के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हालांकि, राहुल गांधी से हरी झंडी मिलने के बाद ही अजय माकन ने पत्रकार वार्ता की थी, जिसमें उन्होंने केजरीवाल को राष्ट्र विरोधी कहा, और यह भी कहा था कि लोकसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी से गठबंधन करके कांग्रेस ने गलती की थी। इसी पत्रकार वार्ता में अजय माकन ने कहा था कि वह जल्द ही दूसरी पत्रकार वार्ता करके केजरीवाल के देशद्रोही होने के सबूत देंगे। सूत्र बताते हैं कि सबूत केजरीवाल के विदेशी शक्तियों से पैसा ले कर 2012 में कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन करने से संबंधित था। अजय माकन के ऐलान के बाद दिल्ली से लेकर अमेरिका और कनाडा तक खलबली मच गई। जिन विदेशी शक्तियों से पहले केजरीवाल के संबंध थे, उनके साथ ही आजकल राहुल गांधी के तार जुड़े हैं। एक तरफ अंतर्राष्ट्रीय ताकतें सक्रिय हो गई तो दूसरी तरफ अरविंद केजरीवाल ने रातों रात ममता बनर्जी और अखिलेश यादव से संपर्क साधा, इन दोनों ने ही केजरीवाल के साथ खड़ा रहने का वादा किया। इसके बाद अगले ही दिन आतिशी मार्लेना और संजय सिंह ने साझा पत्रकार वार्ता करके कांग्रेस को धमकी दी थी कि कांग्रेस का हाईकमान 24 घंटे के भीतर अजय माकन पर कार्रवाई करे, नहीं तो इंडी गठबंधन के नेताओं से कहा जाएगा कि कांग्रेस को गठबंधन से बाहर निकाला जाए। राहुल गांधी तुरंत दबाव में आ गए और अजय माकन को अगली पत्रकार वार्ता करने से रोक दिया गया। उस दिन के बाद से संदीप दीक्षित भी काफी हद तक ढीले पड़ गए, जिन्होंने केजरीवाल के खिलाफ पत्रकार वार्ता की श्रृंखला शुरू की थी। राहुल गांधी ने खुद भी दिल्ली में पद यात्रा शुरू नहीं की, जिसका ऐलान सात महीने पहले किया गया था। हालांकि, कांग्रेस के स्थानीय नेता पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ने का दावा कर रहे हैं। कांग्रेस ने डीके शिवकुमार और अशोक गहलोत को दिल्ली के चुनाव मैदान में उतारा है। लेकिन, केजरीवाल कांग्रेस के खिलाफ अखिलेश यादव और ममता बनर्जी का समर्थन हासिल करने में कामयाब हो गए हैं। उद्धव ठाकरे ने भी संजय राऊत से कांग्रेस के खिलाफ बयान दिला दिया है। संजय राऊत ने कहा है कि कांग्रेस के चुनाव लड़ने से भाजपा को फायदा होगा। इस तरह केजरीवाल इंडी गठबंधन को दो-फाड़ करने में कामयाब हो गए हैं। कांग्रेस मुस्लिम वोटों के सहारे दिल्ली में केजरीवाल को हराने के मंसूबे बना रही है। लेकिन, ममता बनर्जी और अखिलेश यादव दिल्ली के मुसलमानों से अपील करेंगे कि भाजपा को हराने के लिए केजरीवाल को समर्थन करें। तृणमूल कांग्रेस ने तो बाकायदा एक्स पर लिख ही दिया है कि वह सिर्फ केजरीवाल नहीं, आम आदमी पार्टी के हर उम्मीदवार का समर्थन करेगी। कांग्रेस को मात देने के लिए ममता बनर्जी और अखिलेश यादव केजरीवाल के साथ साझा रैली भी करेंगे। असल में ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और उद्धव ठाकरे को डर है कि त्रिकोणीय मुकाबले में भाजपा की स्थिति मजबूत हो जाएगी। अरविंद केजरीवाल ने इन तीनों दलों को संदेश भेजा है कि कांग्रेस के कारण वह चुनाव हार जाएंगे, जिससे देशभर में नरेंद्र मोदी की स्थिति पहले से ज्यादा मजबूत हो जाएगी। इसलिए कांग्रेस को दबाव में लाकर चुनाव मैदान से हटाया जाए। बात तो लालू यादव से भी की गई थी, क्योंकि लालू अगर केजरीवाल का समर्थन कर दें तो आम आदमी पार्टी को पूर्वांचली वोटरों का फायदा हो सकता है, जो इस समय केजरीवाल के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण बने हुए हैं। कम से कम 15 सीटों पर पूर्वांचली वोटर जीत-हार का फैसला करेंगे। पूर्वांचलियों को अपने पक्ष में लाने के लिए केजरीवाल बार बार उन के वोट काटे जाने के बयान दे रहे हैं। लेकिन, लालू यादव ने कांग्रेस के साथ खड़े रहने का फैसला किया है। लेकिन, खुद कांग्रेस में भ्रम की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि अशोक गहलोत ने बिना झिझक कहा कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की विरोधी पार्टी है। उन्हें गलतफहमी है कि वे पिछले दो चुनाव जीत गए थे तो इस बार भी जीत जाएंगे। अशोक गहलोत के इस बयान को रिट्वीट करते हुए अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर लिखा है कि कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभा कर भाजपा को सहयोग कर रही है। अशोक गहलोत ने भाजपा कांग्रेस के गुप्त समझौते को सार्वजनिक कर दिया है। इससे साफ है कि अरविंद केजरीवाल कांग्रेस से कितना डरे हुए हैं। क्योंकि, अगर कहीं कांग्रेस को मुस्लिम और दलित वोट मिल गया और कांग्रेस का वोट 20-21 प्रतिशत हो गया तो भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल जाएगा।

## दिग्विजय सिंह ने मेरे पिता पर निशाना साधा

### अब मुझ पर निशाना साध रहे : केंद्रीय मंत्री सिंधिया




**दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह उनके पिता दिवंगत माधवराव सिंधिया पर अक्सर निशाना साधते थे और अब वह उनके साथ भी ऐसा ही कर रहे हैं। चार दिवसीय दौरे पर ग्वालियर पहुंचे सिंधिया ने कहा कि उन्होंने मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री के प्रति हमेशा सम्मान दिखाया है। सिंधिया कभी कांग्रेस में सिंह के सहयोगी थे। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य सिंह ने मध्यप्रदेश परिवहन विभाग में एक घोटाले का खुलासा होने के बाद सिंधिया पर सवाल उठाए थे। पिछले महीने की शुरूआत में परिवहन विभाग के एक पूर्व कांस्टेबल के पास से बेहिसाब संपत्ति बरामद की गई थी। पूर्व मुख्यमंत्री की आलोचनात्मक टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर सिंधिया ने संवाददाताओं से कहा, क्या यह कोई नयी बात है? उन्होंने कहा, दिग्विजय सिंह ने अपना पूरा जीवन मेरे पूज्य पिता और मुझ पर निशाना साधने में बिताया है। मैंने कभी उन पर निशाना नहीं साधा। मैं जब भी उनसे मिलता हूं, आज भी उनका अभिवादन करता हूं। सिंधिया ने कहा, कोई भी अपनी विचारधारा के अनुसार अपनी सीमाएं तय कर सकता है। मेरी विचारधारा लोगों की सेवा करना है और यही मेरा लक्ष्य है। पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा पर लोकायुक्त के छापे के बाद सिंह ने पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक पत्र लिखा था, जिसमें मध्यप्रदेश परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार की जांच उच्च न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश से कराने की मांग की गई थी। उन्होंने पत्र में आरोप लगाया था कि कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री कमल नाथ पर सिंधिया के करीबी माने जाने वाले एक नेता को परिवहन मंत्री बनाने का दबाव था। दिल्ली में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के बारे में पूछे जाने पर सिंधिया ने कहा कि भाजपा पिछले साल हुए हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों की तरह विजयी होगी।

## आतिशी ने बीजेपी को बताया गाली-गलौज पार्टी

### बोलीं- उनके पास दिल्ली के लिए कोई एजेंडा और चेहरा नहीं

**दिल्ली।** सीएम आतिशी ने आज गोविंदपुरी इलाके में आप चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस 'गाली-गलौज' पार्टी के पास दिल्ली के लिए कोई एजेंडा, नैरेटिव या सीएम चेहरा नहीं है। इनका एक ही काम है- अरविंद केजरीवाल को गालियां देना। मुझे लगता है कि दिल्ली के लोगों के लिए निर्णय लेना बहुत आसान होगा। इससे पहले उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा कि कड़कड़ाती हुई ठंड में, भाजपा की केंद्र सरकार ने, नरेला में झुग्गियाँ तोड़ दीं। महिलाएँ और बच्चे सड़क पर आ गए हैं। भाजपा वाले झुग्गीवासियों से इतनी नफरत क्यों करते हैं? आतिशी ने कहा कि थोड़ी देर में नरेला जा रही हूँ। इन झुग्गीवासियों से मिलूँगी। इनकी हर संभव मदद करेंगे। इससे पहले आतिशी ने मुख्यनिर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार को पत्र लिखकर नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित हेरफेर पर चर्चा के लिए मिलने का समय मांगा है। इस सीट से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं। यह आतिशी का पिछले तीन दिनों में इस मुद्दे पर सीईसी को लिखा गया दूसरा पत्र है। पांच जनवरी को भी आतिशी ने इन कथित अनियमितताओं पर चर्चा के लिए एक मुलाकात का अनुरोध किया था। आतिशी ने अपने इस नये पत्र में नयी दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं का मुद्दा फिर उठाया तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त से तत्काल मुलाकात के लिए समय देने का आग्रह किया। पत्र में कहा गया है, दिल्ली विधानसभा चुनाव में 27 दिन से भी कम समय बचा है, इसलिए इस मामले पर सर्वोच्च प्राथमिकता से विचार किया जाना चाहिए। हम स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के सिद्धांतों को बनाये रखने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग पर भरोसा करते हैं। उन्होंने पत्र में कहा, एक बार फिर, मैं आपसे अनुरोध करना चाहूंगी कि दिल्ली विधानसभा के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए कृपया जल्द से जल्द एक मुलाकात का समय दें।

## कृषि मंत्री ने दिल्ली के किसानों से मुलाकात की

**दिल्ली।** हरियाणा सीमा पर डटे प्रदर्शनकारी किसान नेताओं ने बुधवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की आलोचना करते हुए कहा कि उनके पास चुनावी राज्य दिल्ली के किसानों से मिलने का समय है, लेकिन वह उन लोगों का संघर्ष नहीं देख रहे हैं जो पिछले 11 महीनों से सड़कों पर बैठे हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अनुरोध किया कि मुलाकात के लिए किसी को उनके पास न भेजा जाए क्योंकि उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण उन्हें बोलने में कठिनाई हो रही है। डल्लेवाल ने बुधवार को 44 वें दिन अपना आमरण अनशन जारी रखा। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से पंजाब और हरियाणा के बीच खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं।

## 62 वां अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन सीएसयू पतंजलि विश्वविद्यालय के साथ मिल कर करेगा

**दिल्ली / हरिद्वार ,प्रो अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ ,आईकेएस प्रकोष्ठ व पीआरओ , सीएसयू ।**



**नई दिल्ली।** कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी ने सहर्ष कहा है कि गत वर्ष अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतियोगिता का भव्य आयोजन अयोध्या में किया गया था । ध्यातव्य है कि इस साल इसका 62वां आयोजन योग नगरी हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के सहयोग से एक विशेष शास्त्रोत्सव के रूप में संपन्न होगा । उन्होंने यह भी कहा है विकसित भारत के निर्माण में संस्कृत और उसके शास्त्रों का भी महत्त्वपूर्ण योगदान होगा । कुलपति के विशेष कार्याधिकारी तथा कार्यक्रम निदेशक प्रो मधुकेश्वर भट ने सूचित किया है कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली तथा पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति क्रमशः श्रीनिवास वरखेडी तथा आचार्य बालकृष्ण जी और उनके प्रतिनिधि मण्डल के संयुक्त बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि इसका आयोजन दिनांक 18-21 मार्च 2025 को हरिद्वार में एक नवोन्मेषी प्रयोग के साथ सुसंपन्न होगा। ध्यातव्य है कि इस उत्सव में शास्त्र सभा, योग प्रदर्शिनी, आयुर्वेद, वैभव प्रदर्शिनी, स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम, अष्टादश विद्यास्थानों का अनावरण और सांस्कृतिक वैभव जैसे प्रदर्शनों को भी सुनिश्चित किया गया है। इसमें शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी जिस शोभा यात्रा में भारतीय संस्कृति के साथ साथ विविध शास्त्रोच्चारण के साथ उसकी परिक्रमा निकाली जाएगी जिसमें संस्कृत की जीवन्त की झाकी भी मिल सकेगी। ध्यातव्य है कि इसमें संस्कृत, भारतीय ज्ञान तथा शास्त्र परम्परा के चतुर्दिक उन्नयन और देववाणी के प्रचार प्रसार के लिए देश भर के संस्कृत छात्र छात्राएं पूर्व आयोजन की तरह ही इसमें भी भाग लेंगे।

## किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी 45 दिनों से आमरण अनशन पर बिगड़ रही हालत



**दिल्ली।** किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी 45 दिनों से आमरण अनशन पर हैं। उनकी हालत लगातार बिगड़ रही है। लेकिन भाजपा सरकार उनकी सुध लेने को तैयार नहीं है। इसी हठधर्मिता ने किसान आंदोलन में 750 किसानों की जान ले ली थी। किसानों के प्रति इतनी निष्ठुरता क्यों? प्रधानमंत्री @narendramodi जी से मेरी अपील है कि कृपया अहंकार छोड़िए और तत्काल किसानों से बात करके डल्लेवाल जी का अनशन खत्म कराइए।

## महाकुम्भ में अनुपम स्मृति साबित होगा कलाग्राम का भ्रमण: केंद्रीय मंत्री शेखावत

**दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र में संस्कृति मंत्रालय की ओर से बनाए जा रहे कलाग्राम का भ्रमण कर बुधवार को तैयारियों का जायजा लिया और कहा कि कलाग्राम का भ्रमण आगंतुकों के लिए एक अनुपम स्मृति साबित होगा। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, बुधवार सुबह दिल्ली से प्रयागराज पहुंचे शेखावत ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-सात में बन रहे कलाग्राम का जायजा लिया। शेखावत ने कहा कि महाकुम्भ एक ऐसा अवसर है जहां पूरे भारत की विविधता का एक जगह अनुभव किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जो लोग भारत के महान धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में उपस्थित होंगे, कलाग्राम उनका भारत की सांस्कृतिक विविधता से परिचय कराएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की सभी सांस्कृतिक विविधताओं- कला, हस्तशिल्प और स्थानीय भोजन, का अनुभव कराने के लिए कलाग्राम को विकसित किया गया है।

CMYK

## समाचार

## अब तक के सभी कुम्भ पर्वों के सापेक्ष कहीं अधिक दिव्य और भव्य होगा महाकुम्भ 2025 प्रयागराज: मुख्यमंत्री



**महाकुम्भनगर, 09 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाकुम्भ 2025 अब तक के सभी कुम्भ पर्वों से अधिक दिव्य और भव्य होगा। इस महाकुम्भ में आस्था और आधुनिकता का समागम होगा और यह समागम प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कैसे खुशहाली ला सकता है, इसका उदाहरण भी बनेगा। उन्होंने कहा कि लाखों लोग इस महासमागम और व्यवस्था के साथ जुड़े हुए हैं। ये प्रयागराज के साथ साथ पूरे देश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा। अकेले प्रयागराज कुम्भ से अर्थव्यवस्था में 2 लाख करोड़ रुपए का ग्रोथ होने का अनुमान है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ सांस्कृतिक एकता का ऐसा महायज्ञ है जो पूर्व से पश्चिम तथा उत्तर से दक्षिण न केवल भारतवर्ष को अपितु सम्पूर्ण विश्व को एक नीड़ (घोंसले) में लाकर स्थापित कर देता है। यजुर्वेद का संदर्भ देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यजुर्वेद में कहा गया है "यत्रविश्वं भवत्येक नीडम्" अर्थात जहाँ सम्पूर्ण विश्व एक घोंसले में आ जाता है। महाकुम्भ उसी परिकल्पना का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## यूपी के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है महाकुम्भ: मुख्यमंत्री




**महाकुम्भ नगर, 09 जनवरी:-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 13 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहे प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिए पूरी दुनिया में अपूर्व उत्साह है। हर कोई प्रयागराज आने की तैयारी कर रहा है। देश के भीतर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि कई अन्य राज्यों की पूरी कैबिनेट संगम स्नान करने की तैयारी कर रही है। अब तक 80% टेंट की बुकिंग हो चुकी है। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फॉउंडेशन और आईआईटी जैसी संस्थाएं इस बार महाकुम्भ के विविध आयामों पर शोध-अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन करने जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ का यह अवसर उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है। उत्तर प्रदेश को इसका लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सनातन भारतीय संस्कृति के इस सबसे बड़े उत्सव के सफल आयोजन में 'टीम यूपी' अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को प्रतिबद्ध है।

## स्वामी अवधेशानंद ने किया सीएम योगी का सम्मान, प्रसाद भी कराया ग्रहण





**महाकुम्भ नगर, 9 दिसंबर।** जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद ने सीएम योगी का सादर और सत्कार किया। प्रयागराज विजिट के दौरान सीएम योगी ने जूना अखाड़े में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीएम योगी जैसे ही अखाड़े के शिविर में पहुंचे स्वामी अवधेशानंद और अन्य पूज्य संतों ने सीएम का स्वागत किया। स्वामी अवधेशानंद ने सीएम की आगवानी की और उन्हें अपने साथ लेकर पूरे शिविर का भ्रमण कराया। वह सीएम योगी को एक-एक कक्ष में ले गए और इसकी विशेषता बताई। इसके बाद स्वामी अवधेशानंद सीएम योगी को विशेष कक्ष में लेकर गए, जहां उन्होंने सीएम को अंग वस्त्र पहनाया. माल्यार्पण किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सीएम योगी और अन्य अधिकारियों को प्रसाद भी ग्रहण कराया गया।

## पीलीभीत में निकाली गई भव्य रथ यात्रा



**लोकतंत्र की शान**
**संवाददाता मंजीत शर्मा**

**पीलीभीत।** पीलीभीत में निकाली गई भव्य रथ यात्रा, हजारों की संख्या में सम्मिलित हुए लोग?।श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार महंत सेवक विशाल जी के द्वारा पीलीभीत में भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया?। जिसमे महंत विशाल सेवक ने डी के गंगवार जो कि समाज सेवा में सदेव तैयार रहते हैं और समाजसेवी डी के गंगवार के नाम से लोगों में पहचान रखने वाले डी के गंगवार को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। डीके गंगवार रथ यात्रा में शामिल हुए। महंत विशाल सेवक के द्वारा भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। दिनांक 09/01/2025 को श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार महंत सेवक विशाल के द्वारा पीलीभीत में भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया।

## विधायक ने ग्राम ओगपुरा में 170 मीटर सी सी सड़क का किया लोकार्पण





**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** गुरुवार को भाजपा विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने विधानसभा क्षेत्र हसनपुर के ग्राम ओगपुरा में ब्रह्मराज के मकान से शंकर सिंह के मकान तक 170 मीटर सीसी सड़क का फीता काटकर लोकार्पण कर दिया वहीं इससे पूर्व हसनपुर कैंप कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व द्वारा चलाए जा रहे संविधान गौरव कार्यशाला अभियान बैठक का आयोजन हुआ बैठक में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी द्वारा रचित संविधान के बारे में वह बाबा साहब के विषय में विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने विस्तार से जानकारी दी दोनों ही कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उषा शर्मा , नवनिर्वाचित हसनपुर मंडल अध्यक्ष राजू राणा, आदमपुर मंडल अध्यक्ष राजीव गोयल, जिला प्रतिनिधि पवन राज जाटव, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिखर अग्रवाल, प्रधान संघ अध्यक्ष यशपाल प्रधान जी, मंडल महामंत्री संजय राणा, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, भाजपा नेता अनुसूचित मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अजयपाल, भाजपा नेता अंकुर अग्रवाल ,देशराज पाल प्रधान , नंदन खड़गवंशी, सौरभ गुप्ता, श्याम प्रजापति आदि सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगर निवासी मौसीफ खान को गुजरात संप आर्मी ने 10 लाख में खरीदा, छत्तीसगढ़ में खेलेंगे मौसीफ

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**




**हसनपुर।** गुरुवार को नगर में उसे वक्त खुशी की लहर दौड़ गई जब नगर वासियों को ज्ञात हुआ कि नगर निवासी मोसीफ खान का छत्तीसगढ़ में खेले जाने वाली क्रिकेट टूनामेंट में चयन हो गया है, बताते चलें कि नगर निवासी मौसीफ खान का छत्तीसगढ़ में लीजेंड 90 बॉल क्रिकेट लीग में गुजरात संप आर्मी के लिए चयन हुआ है, गुजरात संप आर्मी ने मौसीफ खान को दस लाख में खरीदा है , उनके इस चयन पर शहर में खुशी का माहौल है लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर मौसीफ खान को उनके चयन पर मुबारकबाद दी, मौसीफ खान पिछले लगभग पांच वर्षों से लगातार विदेशी सरजमीं पर हिन्दुस्तान का नाम रोशन कर रहे हैं। मौसीफ खान अफ्रीका ,बहरीन, मॉरीशस, मलेशिया, दुबई, ओमान, अबू धाबी जैसे मुल्कों में क्रिकेट टूनामेंट खेल चुके हैं फरवरी में छत्तीसगढ़ में लीजेंड क्रिकेटर चौके-छक्के लगाने रायपुर आ रहे हैं। यह मौका होगा लीजेंड-90 क्रिकेट लीग का। इस टूनामेंट में खेलने के लिए क्रिस गेल, हरभजन सिंह, शिखर धवन, यूसुफ पठान, सुरेश रैना जैसे लीजेंड्स क्रिकेटर हिस्सा के लिए राजधानी आने वाले है। और मौसीफ खान इन सभी बड़े क्रिकेटर के साथ यह टूनामेंट खेलेंगे, यह टूनामेंट 6 फरवरी से 18 फरवरी तक नवा रायपुर स्थित शाहिद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। इसमें कुल 7 टीमें हिस्सा लेंगी, जिसमे छत्तीसगढ़ वारियर्स टीम भी शामिल है। मौसीफ खान के आवास पर उनके परिजनों को बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है।

## दहेज की खातिर महिला को दिया जहर, अस्पताल में छोड़कर भागे ससुराल वाले

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर निवासी एक युवती प्रियंका की शादी 12 अप्रैल को इसी वर्ष मोहम्मदपुर बांगर गांव के अंकुल कुमार से हुई थी विवाह में परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था लेकिन प्रियंका के ससुराल वाले उससे संतुष्ट नहीं थे जिसको लेकर वह आये दिन प्रियंका के साथ मारपीट करते थे, कई बार प्रियंका अपने घर शेखूपुर आ जाती थी लेकिन समझौता होने के बाद फिर वापस ससुराल चली जाती थी ' वही इस बार दहेज के लोभीयो ने बहु प्रियंका को पहले जमकर मारा पीटा फिर उसे किसी चीज में विषैला पदार्थ पिला दिया, लेकिन जब प्रियंका की हालत बिगड़ी तो ससुराल के लोगों ने उसे एक निजी अस्पताल में छोड़ कर फरार हो गए, जानकारी मिलने पर प्रियंका के मायके वाले अस्पताल पहुंचे और पुलिस को बुलाकर जानकारी दी तथा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई, होश आने पर प्रियंका ने बताया कि उसके पति ने डेढ़ लाख रुपये लाने को कहा था जब प्रियंका ने मना किया तो उसे उसके पति ने पीटना चालू कर दिया तथा सास, ससुर और देवर भी मौके पर पहुंच गए और मारपीट करते-करते जबरदस्ती जहरीले पदार्थ की सीसी पिला दी, सूचना पर पुलिस ने अस्पताल जाकर प्रियंका का बयान दर्ज किया तथा आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है, वरिष्ठ उप निरीक्षक कुमरेश त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर और बयान के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में बंद पड़े विद्यालय में युवक के जलकर मरने की मिली सूचना, मौके पर पहुंची पुलिस

**तौफीक खान संवाददाता बस्ती**



**बस्ती।** वाल्टर गंज थाना क्षेत्र के धौरहरा गांव के बंद विद्यालय श्रीमती प्रयागराजी इण्टर कालेज के एक कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में जलती हुई लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम धौरहरा में श्रीमती प्रयागराजी इण्टर कालेज बंद पड़े विद्यालय के कमरे में सुबह लगभग 8 बजे ग्रामीणों ने एक जलती हुई लाश देखी। जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले स्थानीय लोगों से पूछताछ किया तो वहां पर पहले पहचानने से इनकार कर दिया था।लोगों ने वहां पर देखा कि लाश के पास पटरा और बल्ली भी रखा था। लाश का केवल बीच का भाग भी बचा हुआ था। बाद में एक महिला ने बताया कि लाश के पास एक चप्पल पड़ा हुआ था जिसकी पहचान विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक जामवंत शर्मा चप्पल के रूप में हुई। जामवंत शर्मा के पत्नी ने कहा कि वह हमेशा चाबी का गुच्छा पहने रहते थे चाबियां का वह गुच्छा भी वही पास में मिला जिससे जामवंत शर्मा की पत्नी और बेटी ने दावा करते हुए उनकी पहचान अपने पति के रूप में की। घटना की सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर सतेंद्र भूषण त्रिपाठी, थानाध्यक्ष वाल्टरगंज उमाशंकर त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक थाना रुधौली विजय कुमार दुबे, चौकी प्रभारी मनौरी,चौकी प्रभारी बिशनपुरवा तथा फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई` घटनास्थल पर पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश सिंह मय पुलिस बल के साथ तथा फॉरेंसिक टीम द्वारा तथ्यों के आधार पर घटना का साथ जुटाया जा रहा है पुलिस के अनुसार अभी यह बताना जल्दबाजी होगी की लाश किसकी है` जांच होने के बाद ही लाश की सही पहचान हो पाएगी वहीं पुलिस के अनुसार जामवंत शर्मा पर 10 साल पहले एक डॉक्टर की हत्या का आरोप था जिसमें मुकदमा पंजीकृत हुआ था और जेल भी गए थे।

## सीएम योगी ने सभी अखाड़ों के संतों के साथ किया भोजन, भेंट किए उपहार

**महाकुम्भ नगर, 09 जनवरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज दौरे के पहले दिन साधु संतों के साथ रात्रि भोज किया और उन्हें उपहार भी भेंट किया। इस रात्रि भोज में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा के पूज्य संत उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की ओर से आयोजित इस भोज के बाद सभी संतों को उपहार भी भेंट किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी संतों का भोज में सम्मिलित होने के लिए आभार भी जताया। इस अवसर पर सभी साधु संतों ने सीएम योगी को धन्यवाद दिया और महाकुम्भ के सकुशल और भव्य संपन्न होने की कामना की। प्रयागराज मेला प्राधिकरण स्थित रेडियो ट्रेनिंग हॉल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा आयोजित इस रात्रि भोज कार्यक्रम में सभी अखाड़ों, खाकचौक, दंडीबाड़ा और आचार्यबाड़ा समेत प्रयागवाल के कुल 20 साधु संत सम्मिलित हुए। इनमें जूना, निरंजनी, उदासीन बड़ा, निर्मल,तीनों वैष्णव अखाड़े (निमोर्ही, दिगंबर, निवार्णी), अग्नि, आवाहन, अटल, आनंद, निरंजनी अखाड़े के पूज्य संत शामिल रहे। खाकचौक से महामंडलेश्वर संतोष दास (सतुआ बाबा) भी उपस्थित रहे। सीएम






योगी के आग्रह पर आए इन साधु संतों को सात्विक भोजन परोसा गया। भोज में सम्मिलित संतों के अनुसार, निर्धारित जिसमें मूंग और अरहर की दाल, चने का साग, पनीर की सब्जी, आलू-मेथी सोया, मलाई कोफ्ता, मटर निमोना एवं मूंग का हलवा था। भोज के बाद मुख्यमंत्री ने सभी साधु संतों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया।

## यूपी के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है महाकुम्भ: मुख्यमंत्री





**महाकुम्भ नगर, 09 जनवरी:-** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 13 जनवरी से प्रारंभ होने जा रहे प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ लेने के लिए पूरी दुनिया में अपूर्व उत्साह है। हर कोई प्रयागराज आने की तैयारी कर रहा है। देश के भीतर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि कई अन्य राज्यों की पूरी कैबिनेट संगम स्नान करने की तैयारी कर रही है। अब तक 80% टेंट की बुकिंग हो चुकी है। हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, बिल एंड मिलिंडा गेट्स फॉउंडेशन और आईआईटी जैसी संस्थाएं इस बार महाकुम्भ के विविध आयामों पर शोध-अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन करने जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ का यह अवसर उत्तर प्रदेश के पोटेंशियल के प्रदर्शन और ब्रांडिंग का सर्वोत्तम समय है। उत्तर प्रदेश को इसका लाभ उठाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सनातन भारतीय संस्कृति के इस सबसे बड़े उत्सव के सफल आयोजन में 'टीम यूपी' अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने को प्रतिबद्ध है। 12 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद तीर्थराज प्रयाग में महाकुम्भ के पहले स्नान में अब महज तीन दिन ही शेष हैं। इससे पहले दो दिवसीय दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के दृष्टिगत न केवल मेलाक्षेत्र में हो रहीं तैयारियों का निरीक्षण किया, बल्कि प्रयागराज नगर और आस-पास के जिलों में इस संबंध में की जा रही तैयारियों की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रयागराज को आकर्षक स्वरूप देने वाले गंगा, यमुना व सरस्वती स्वागत द्वारों और नक्षत्र वाटिका साहित अनेक नवीन कार्यों का मुख्यमंत्री ने डिजिटली लोकार्पण भी किया।

## सनातन धर्म के ध्वज वाहक अखाड़ों के बाद महाकुम्भ क्षेत्र में दिखा शंकराचार्यों के छावनी प्रवेश का भव्य वैभव

**महाकुम्भ नगर, 09 जनवरी।** संगम तीरे बसे महाकुम्भ नगर में सनातन धर्म की सभी धाराओं और सम्प्रदाय का संगम हो रहा है। सनातन के ध्वज वाहक अखाड़ों के बाद अब शंकराचार्यों का प्रवेश भी महाकुम्भ नगर में हो गया है। कुम्भ क्षेत्र में ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी की प्रवेश यात्रा निकाली गई जिसमें हजारों संतो ने हिस्सा लिया।



**प्रवेश मंगलम यात्रा के साथ शंकराचार्य का भी कुंभ क्षेत्र में हुआ प्रवेश**

महाकुम्भ में जन आस्था के सबसे बड़े आकर्षण अखाड़ों के प्रवेश के बाद अब चारों पीठ के शंकराचार्यों के प्रवेश का सिलसिला भी शुरू हो गया है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की प्रवेश मंगलम यात्रा शहर के रामबाग से निकाली गई। पत्थरचट्टी राम बाग से शुरू हुई इस प्रवेश यात्रा में हजारों की संख्या में विभिन्न अखाड़ों के साधु संत और वेद बटुक ब्रह्मचारी भी शामिल हुए । प्रवेश मंगलम यात्रा में सबसे आगे शंकराचार्य की धर्म पताका और इसके पीछे आदि शंकराचार्य की सवारी चल रही थी। उनके पीछे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का भव्य रथ चल रहा था जिसमें सभी दिशाओं से आए मठों , महंत और श्री महंत और संत मौजूद रहे।

## वृद्ध आश्रम पहुंचकर फल एवं खाद्य सामग्री का किया वितरण

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** गुरुवार को तहसील क्षेत्र के गांव करनपुर स्थित बाबा घनश्याम दास वृद्ध आश्रम डोमखेड़ा में भाजपा नेता हेम सिंह आर्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा एवं धनोरा विधानसभा से पूर्व भाजपा की प्रत्याशी रही कमलेश आर्य ने वृद्ध आश्रम पहुंच कर वृद्ध आश्रम में रह रहे असहाय वृद्ध महिलाओ एवं पुरुषों को फल एवं मिठाई प्रदान की साथ ही आश्रम के संचालकों को खाद्य सामग्री भी प्रदान की, इस मौके पर भाजपा नेता हेमसिंह आर्य ने कहा कि गरीब असहाय एवं वृद्ध जनों की सेवा करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है अतः समाज के संपन्न लोगों को आगे बढ़कर ऐसे लोगों की मदद करनी चाहिए, इस मौके पर उनके साथ अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य तथा अंबेडकर विकास मंच के उपाध्यक्ष सुशील भगत जी आदि मौजूद रहे।

# उप निरीक्षक डॉ अशोक साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए दे रहे हैं नशा मुक्ति का संदेश

## हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा हरियाणा के सभी जिलों में नशे के विरुद्ध अभियान

**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** नशा मुक्त हरियाणा संकल्प के साथ साइकिल के साधन का प्रयोग करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज सोहना से तावडू और धारूहेड़ा पहुंचे। वे आज विभिन्न स्थानों पर लोगों को जागरूक कर रहे थे। विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया। लोगों द्वारा उनसे



साइकिल पर चलने का कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि साइकिल पर चलने के विभिन्न कारण हैं। सबसे प्रथम स्वास्थ्य लाभ, दूसरा ईंधन की बचत, तीसरा पर्यावरण संरक्षण और प्रदुषण से बचाव और चौथा सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या आदि ये अनेक कारण हैं जो उन्हें साइकिल पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। सबसे अधिक मुख्य कारण यह भी है कि लोग उनकी ओर आकर्षित होकर नशा मुक्त अभियान के बारे में पूछते है और जानकर इस अभियान से जुड़ते भी हैं। डॉ वर्मा की साइकिल के आगे एक प्लेट लगी रहती है जिस पर लिखा है "नशे को कहें न और जीवन को कहें हाँ" दूसरा नशा होता अच्छा तो माँ कहती खा ले मेरे बच्चा। इसके साथ ही हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का हेल्पलाइन नंबर 9050891508 लिखा है जिस पर कोई व्यक्ति नशा तस्करी में संलिप्त लोगों की गुप्त सूचनाएं दे सकता है। डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो प्रमुख/ पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित हांडा एवं श्रीमती पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से बीपीएल परिवारों को स्वयं रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से दिया जा रहा ऋण : उपायुक्त।

**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** सरकार द्वारा हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की ओर से अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को, जो गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे हैं, बीपीएल परिवार को अपना रोजगार स्थापित करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि योजना का लाभ उन पात्र परिवारों को मिलेगा जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 1 लाख 80 हजार रुपये (परिवार पहचान पत्र अनुसार) से अधिक न हो। ऐसे परिवार को बैंकों के माध्यम से 1



लाख 50 हजार रुपये तक का ऋण पशुपालन, किरयाना दुकान, मनियारी दुकान, ब्यूटी पार्लर, ई-रिक्शा, सूअर पालन या अन्य कोई लाभप्रद योजना इत्यादि के लिए उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा कुल लागत का 50 प्रतिशत (अधिकतम 10 हजार रुपये तक का अनुदान व 10 प्रतिशत मार्जिन मनी 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर उपलब्ध करवाया जाता है तथा बकाया ऋण बैंकों द्वारा दिया जाता है। इच्छुक आवेदक हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम कार्यालय में आवेदन के लिए संपर्क करें।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफतार

**करनाल सुखविंदर सोही**

बिती शाम जिला पुलिस की एंटी बर्गलरी टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर नई अनाज मंडी के पिछे बजीदा रोड़, करनाल से दो आरोपीयों..... 1. राहुल पुत्र राजेन्द्र और 2. अजय पुत्र शीशपाल वासीयान गांव बरसाना, कैथल को गिरफतार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपीयों के कब्जे से 02 अवैध पिस्टल एक 32 बोर व



एक 315 बोर और एक 09 एम.एम. रौंद और 03 रौंद 315 बोर बरामद की गई। एंटी बर्गलरी टीम के इन्चार्ज निरीक्षक सतबीर सिंह ने बताया कि उक्त आरोपीयों के खिलाफ थाना शहर करनाल में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आगामी जांच हेतू आज आरोपीयों को माननीय अदालत के सामने पेशकर दो दिन पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा।

# खेल कैश अवॉर्ड के लिए आवेदन का अंतिम दिन आज: उपायुक्त

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के पदक विजेता कर सकते हैं आवेदन

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्टीय खेल स्पधाओं में प्रतिभागी रहे व पदक जीतने वाले खिलाड़ियों से छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये उपलब्धियां एक जनवरी, 2023 से 31 मार्च, 2024 के बीच की अवधि की होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हर साल खेल विभाग की ओर से पदक विजेता खिलाड़ियों को



स्कोलरशिप दी जाती है। इस बार भी स्कोलरशिप के लिए 30 जुलाई, 2024 तक आवेदन मांगे गए थे। लेकिन बहुत से खिलाड़ी आवेदन करने से वंचित रह गए थे। जिस कारण खेल विभाग ने अब एक जनवरी, 2025 से 10 जनवरी, 2025 तक खिलाड़ियों को आवेदन करने का एक और अवसर प्रदान किया है। जिसके लिए नेशनल एवं इंटरनेशनल खेलों में पदक विजेता व भाग लेने वाले खिलाड़ी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति का आवेदन पत्र हरियाणास्पोर्टस. जीओवी.इन वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। खिलाड़ी जिला खेल अधिकारी कार्यालय में दस जनवरी तक आवेदन पत्र जमा करवा सकते हैं। इसके बाद उनको और कोई मौका नहीं दिया जाएगा।

# नव दंपत्ति ने लिया सेवा का संकल्प

## पिछले दिनों नव दाम्पत्य जीवन में बंधे थे भाविक घट्टानी और डा. आकांक्षा

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** पिछले दिनों नव दाम्पत्य सूत्र में बंधे भाविक घट्टानी और आकांक्षा ने नए साल में सेवा और समर्पण का संकल्प लिया। भाविक घट्टानी एक मल्टीनैशनल कंपनी में सेवारत के साथ शिक्षा को लेकर एक स्टार्टअप चला रहे हैं। जब कि डा. आकांक्षा दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में डाक्टर हैं। उन्होंने कोरोना काल में कोविड के रोगियों की सेवा में उल्लेखनीय भूमिका निभाई थी। लग्रातार रोगियों की सेवा और तीमादारी के कारण वह खुद भी कोविड से ग्रसित हो गई थीं। समय समय पर सेवा के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया हैं। उन्होंने डा. आकांक्षा करनाल की एक समाजसेवी संस्था श्रीमती सारिका भाटिया चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष है। पिछले दिनों भाविक घट्टानी और डा. आकांक्षा विवाह सूत्र में बंधे थे। नव दंपत्ति ने बताया कि वह नए साल में सेवा का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बतायकि वह पर्यावरण संरक्षण चिकित्सा, शिक्षा , नशा उन्मूलन और आपसी भाई चारा बढ़ाने के साथ रक्तदान निशुल्क मैडीकल व्यवस्था जरूरतमंद परिवारों के लिए अन्नदान जैसे क्षेत्रों में सेवा का काम करेंगी। आकांक्षा भाटिया के पिता वनीत भाटिया सेवा के क्षेत्र में काफी बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने



अपनी पत्नी श्रीमती सारिका भाटिया की याद में समाज सेवी संस्था गठित की थी। जो सेवा संगीत शिक्षा स्वस्थ्य पर्यावरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। नव दंपत्ति भाविक और आकांक्षा ने सभी को नए साल की बधाई दी। नव दंपत्ति ने इस संस्था को सेवा और पीड़ित मानवता की सहायता के क्षेत्र में आगे ले जाने का संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि वह सेवा को लेकर काफी बड़ा काम करेंगे। वह चाहते हैं कि उनकी संस्था जरूरतमं।

# समाजसेवी बलजीत साल्यान को अमरीका की मैरीलैंड स्टेट यूनीवर्सिटी ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की

## उनके सामाजिक कार्यों तथा बिजनेस प्रबंधन के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के लिए अलंकृत किया

**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** अमरीको केलिफोर्निया की मैरीलैंड स्टेट यूनीवर्सिटी ने देश के जाने माने समाजसेवी बलजीत साल्यान को सामाजिक कार्यों तथा बिजनैस प्रबंधन में डाक्टर और फिलोसिफी की उपधि से अलंकृत किया है।





बलजीत साल्यान को पीएचडी की उपाधि से सम्मनित कर उनकी सेवा को इंटरनैशनल पहचान दी हैं। श्री साल्यान लंबे समय तक लायंस क्लब रायल के अध्यक्ष हैं। उनकी सेवा के लिए लायंस इंटरनैशनल ने उन्हें जर्मनी सहित विभिन्न देशों में सम्मानित किया है। वह 24 साल से लायंस क्लब के साथ जुड़े हुए हैं। वह करनाल में भी तमाम ससमाजसेवी संसथाओं से जुडे हुए हैं। वह मूल रूप से करनाल के मंजूरा गांव से है। उन्होंने हरियाणा में सबसे पहले इमीग्रेशन सेवा शुरू की थी। आज करनाल में हजारों बच्चों को विदेश में रोजगार के क्षेत्र में स्थापित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। वह अखिल भारतीय प्रतिमा रक्षा सम्मान समिति निफा, हिफा जैसी कई संस्थाओं के महत्वपूर्ण अंग रहे हैं। इन दिनों वह भारतीय जनता पार्टी के एनआरआई सैल के महत्वपूर्ण पद पर हैं। उनके बच्चे बिदेश में व्यापार कर रहे हैं। मंजूरा गांव के एक छोटे से परिवार से उठ कर उन्होंने अपनी इंटरनैशनल पहचान बनाई। उनको राज्य स्तरीय राष्ट्रीश और अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिल चुके हैं। इस समय वह एनआरआई बन चुके हैं। उनका आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड काफी दखल है। उन्होंने इमीग्रेशन के क्षेत्र में हरियाणा ही नहीं पंजाब सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी साख बनाई हैं।

# हरियाणा के अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूल 15 जनवरी तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

चंडीगढ़, जनवरी : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने 10वीं-12वीं परीक्षा शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए अराजकीय अस्थाई मान्यता प्राप्त स्कूलों से सम्बद्धता आवेदन पत्र व शुल्क और एनरोलमेंट/पंजीकरण आवेदन शुल्क सहित जमा करवाने की तिथि 15 जनवरी निर्धारित की है। प्रवक्ता ने बताया कि ए स्कूल आवेदन पत्र 8000 रुपए बिना विलंब शुल्क 09 से 15 जनवरी तक, 5000 रुपए विलंब शुल्क सहित 16 से 20 जनवरी तक जमा करवा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के साथ वांछित दस्तावेज अपलोड करना सुनिश्चित करें। परीक्षार्थियों के लिए एनरोलमैंट/पंजीकरण की तिथियां निर्धारित कर दी हैं।

9वीं से 12वीं के लिए हरियाणा के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित शुल्क 150 रुपए प्रति विद्यार्थी एवं अन्य राज्यों के प्रवासी विद्यार्थियों के लिए 200 रुपए प्रति विद्यार्थी के साथ 09 से 13 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 300 रुपए विलंब शुल्क के साथ 14 से 16 जनवरी, 1000 रुपए विलंब शुल्क के साथ्झ 17 से 20 जनवरी तक एनरोलमेंट/पंजीकरण शुल्क भरा जाना है।

स्कूलों द्वारा एनरोलमेंट/पंजीकरण आवेदन के बाद यदि परीक्षार्थियों के विवरण में कोई शुद्धि की जानी है तो वे 21 से 23 जनवरी तक नियमानुसार ऑनलाइन शुद्धियां कर सकते हैं। स्कूल मुखियाओं को निर्देश हैं कि संबद्धता आवेदन फार्म और एनरोलमेंट आवेदन ऑनलाइन बोर्ड की वेबसाइट पर दिए लिंक से ले सकते हैं। आवेदन करने से पहले सभी आवश्यक दिशा-निर्देश/पूर्ण जानकारी को अवश्य पढ़ लें।

# 8 फरवरी को दिल्ली में बीजेपी बनाएगी सरकार : कृष्ण बेदी

सोनीपत, जनवरी : राजधानी में होने वाले विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। राजनीतिक गलियारों में भी बयानों की बौछार शुरू हो चुकी है। दिल्ली के विधानसभा चुनाव के संग्राम में हरियाणा कैबिनेट मंत्रियों की भी एंट्री हुई है। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को



कृष्ण बेदी

त्रिलोकपुरी विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने आम आदमी पार्टी पर जुबानी हमला बोला और कहा कि बहुमत से 8 फरवरी को बीजेपी पार्टी दिल्ली में सरकार बना रही है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से आम जनता का मन हो चुका है।

### आम आदमी पार्टी के नेताओं पर बोला हमला

सोनीपत पहुंचे कृष्ण बेदी ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर जमकर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली की जनता को मुफ्तखोरी में बरगलाने का काम किया हैं। शिक्षा, शराब और चिकित्सा में घोटाले सामने आए तो आधी दिल्ली की कैबिनेट जेल में पहुंच गए थी। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से आम जनता का मन उठ गया है। आज बीजेपी के पास ही मजबूत नेतृत्व हैं।

### डल्लेवाल के आमरण अनशन पर कृष्ण बेदी ने ये कहा

वहीं, किसान आंदोलन और किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के आमरण अनशन पर कृष्ण बेदी ने कहा कि केंद्र सरकार के पास मुद्दा है, जल्द ही इस मुद्दे का हल निकाल लिया जाएगा। कल देर रात तक चली बैठक पर मंत्री ने कहा कि संगठन चुनाव को लेकर बैठक हुई थी। 5-6 दिन के अंदर 377 मंडलों का गठन होगा। मंडलों के बाद जिलों का गठन और फिर प्रांत का गठन होगा। संगठन को लेकर कई मुद्दों पर अहम बातचीत हुई हैं। चर्चा को लेकर आज प्रदेश अध्यक्ष मुख्यमंत्री से बेठक करेंगे।मुख्यमंत्री के बाद केंद्रीय नेतृत्व मोहर लगाएगा।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में हरियाणा बनेगा रोल मॉडल : शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

## रेवाड़ी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बोले प्रदेश के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा

### प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं व प्रतिभाशाली युवाओं को किया गया सम्मानित

**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने में हरियाणा देशभर में रोल मॉडल बनेगा। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, महर्षि दयानंद





विश्वविद्यालय रोहतक सहित विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा आज जाट समाज रेवाड़ी की ओर से जाट धर्मशाला रेवाड़ी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन को साकार करना है। इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कड़ी का काम करेगी। उन्होंने कहा कि आनलाइन सुझाव को लेकर पोर्टल भी बनाया गया है। इस पोर्टल पर भी विद्यार्थियों द्वारा सुझाव दिए जा सकते हैं। समारोह में शिक्षा मंत्री ने जाट धर्मशाला समिति को 21 लाख रुपए देने सहित जाट धर्मशाला में पुस्तकालय का निर्माण करवाने की घोषणा की। बच्चों के मजबूत कंधों पर टिका है समाज, राज्य व राष्ट्र का भविष्य : शिक्षा मंत्री शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि हमारे समाज, राज्य व राष्ट्र का भविष्य बच्चों के मजबूत कंधों पर टिका है। बच्चों को चाहिए कि वे अपनी प्रतिभा को निखारें और देश के अच्छे नागरिक बनकर अपने समाज, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि इस प्रतिभा सम्मान समारोह को आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाने ।

## शिक्षा मंत्री ने एनईपी को लेकर दिल्ली में उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की ली बैठक

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के लिए किए जा रहे प्रयास : महिपाल ढांडा



हरियाणा के शिक्षा मंत्री दिल्ली में उच्चतर शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

चंडीगढ़, जनवरी : राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को 2025 में क्रियान्वयन के लिए शिक्षा विभाग की पुरजोर तैयारी है। आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक, सोनीपत व गुरुग्राम में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रदेश के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और विद्यालयों के साथ-साथ शिक्षाविदों के सुझाव आमंत्रित किए जाएंगे और ऑनलाइन पोर्टल भी जारी किया जाएगा। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा दिल्ली में हरियाणा भवन में एनईपी के संबंध में लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग, रोहतक व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### इसे मूर्त रूप देने में नहीं छोड़ी जा रही कोई कोर कसर

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के विजन को साकार करने के लिए नीति भी अहम होगी इसलिए इसको मूर्त रूप देने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। नई नीति को लागू करने में हरियाणा देशभर में रोल माडल बने, इसे लेकर भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को नई नीति के साथ छात्रों को सीधे तौर पर जोड़ने के लिए स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सुझाव पेटिका रखने के निर्देश दिए ताकि छात्रों द्वारा दिए जाने वाले सुझावों पर भी विचार किया जा सके। स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में सेमीनार भी आयोजित किए जाएं ताकि विद्यार्थी नई शिक्षा नीति को आसानी से समझ सके और जहां कठिनाई हो, उसे लेकर सुझाव दे सके। आधुनिकता के युग में हर विद्यार्थी डिजीटल तकनीक के साथ जुड़ा हुआ है इसलिए ऑनलाइन सुझाव को लेकर पोर्टल भी बनाया गया है। पोर्टल भी विद्यार्थियों द्वारा सुझाव दिए जा सकते हैं। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के सुझावों भी मांगे गए हैं। फरवरी 2025 में शिक्षा नीति को लेकर राष्ट्रीय स्तर की गोलमेज कांफ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। बैठक में हायर एजुकेशन के निदेशक राहुल हुड्डा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रति व्यक्ति आय में हरियाणा दूसरे स्थान पर तो 70 प्रतिशत परिवार बीपीएल श्रेणी में क्यों : कुमारी सैलजा

## फरीदाबाद में सबसे अधिक 14.29 लाख में पंचकूला में सबसे कम 3.65 लाख बीपीएल कार्ड धारक

चंडीगढ़, जनवरी : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि एक ओर दावा किया जा रहा है कि प्रति व्यक्ति आय में हरियाणा देश में दूसरे नंबर पर है तो दूसरी ओर प्रदेश की कुल आबादी के 70 प्रतिशत परिवार बीपीएल कार्ड धारक है। हर कोई सरकार से एक ही सवाल कर रहा है कि 70 प्रतिशत परिवार बीपीएल की श्रेणी में कैसे आए। जो प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय में दूसरे स्थान पर हो वहां बीपीएल परिवारों की संख्या बढ़ना अपने आप में एक सवाल है। सरकार को इस पर अपना जवाब जनता के समक्ष रखना चाहिए और यह भी बताना चाहिए कि सरकार कौन से खेल खेल रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि हरियाणा राज्य में 1.98 करोड़ लोगों के पास बीपीएल राशन कार्ड है। वहीं यह संख्या राज्य की 70 फीसदी आबादी के करीब हैं। एक तरफ तो हरियाणा के प्रति व्यक्ति की आय दूसरे नंबर पर हैं, तो वहीं इतनी बड़ी संख्या में बीपीएल कार्ड धारक कैसे बन गए। राज्य के पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के अनुसार हरियाणा में बीते दो सालों के अंदर ही 75 लाख नए बीपीएल कार्ड धारक जुड़ गए, यह बड़ा आंकड़ा हैं और चौंकाने वाला भी हैं। बावजूद इसके हरियाणा को देश के समृद्ध राज्यों में से एक माना जाता हैं। दिसंबर 2022 तक 1.24 करोड़ लोग ही बीपीएल के दायरे में आते थे। लेकिन 2024 तक यह आंकड़ा काफी बढ़ गया।



कुमारी सैलजा

कुमारी सैलजा ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि पहले लोकसभा चुनाव और बाद में विधानसभा चुनाव के कारण तेजी से कार्ड बनवाए गए, यही कारण था कि तेजी से आंकड़ बढ़ा हैं। शायद लाभार्थियों की बड़ी संख्या के कारण ही बीजेपी को हरियाणा में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करने का मौका मिला हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि फरीदाबाद शहर की गिनती प्रदेश के विकसित और धनाढ्य जिलों में होती है जहां पर सबसे ज्यादा 14.29 लाख, हिसार में 13.55 लाख, मेवात में 13.49 लाख और पंचकूला में सबसे कम 3.65 लाख बीपीएल परिवार है। कुमारी सैलजा ने कहा कि इस मुद्दा विधानसभा में भी उठा था पर सरकार ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, केवल जांच कराने की बात कहकर चुप्पी साध ली जबकि सरकार ने आज तक इसकी जांच नहीं करवाई और न ही इसके लिए कोई जांच कमेटी गठित की है। कुमारी सैलजा ने बताया कि ज्यादातर बीपीएल कार्ड चुनाव से पहले बने है यानि सरकार ने कही न कही लाभ लेने के लिए ऐसा तो नहीं किया कि जिसने भी आवेदन किया बिना जांच के उसका बीपीएल कार्ड बना दिया गया, इस खेल में बीपीएल कार्ड का जो असल हकदार था वह आज भी कार्ड बनवाने के लिए भटक रहा है। सरकार ने निष्पक्ष रूप से इसकी जांच करवाकर सच्चाई जनता के सामने लानी चाहिए और गरीबों से उनका निवाला छीनने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

# लगातार चार महीने से दवा डिस्ट्रीब्यूशन में नंबर-1 पर रहा बिहार

## दिसंबर में 80.19 स्कोर के साथ लगातार चौथे महीने नंबर-1 बना बिहार

### 611 तरह की दवा और 132 तरह के सर्जिकल आइटम ईडीएल में शामिल



(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना/अमानुल हक।** दवा डिस्ट्रीब्यूशन में बिहार लगातार चौथे महीने भी नंबर एक पर काबिज है। मिनिस्ट्री आफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर द्वारा डीभीडीएमएस सेंट्रल डैशबोर्ड पर जारी रैंकिंग के अनुसार, राज्य सितंबर माह से नंबर वन पर अपना दबदबा बनाए हुए है। यह रैंकिंग दवा स्टॉक से लेकर वितरण तक 11 मापदंडों पर स्कोरिंग के बाद जारी की जाती है। दिसंबर माह में जहां राज्य को स्कोर कार्ड पर 80.19 अंक मिले थे वहीं नवंबर माह में 79.70, अक्टूबर माह में 79.34 तथा सितंबर में 77.20 अंक मिले। राज्य के ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन में नंबर 1 बने रहने के पीछे छह मानकों में उत्कृष्टता का ध्यान रखा जाना है। इनमें दवाओं की खरीद, लॉजिस्टिक, वेयरहाउस, डिजिटाइजेशन, डैशबोर्ड के माध्यम से रिव्यू और मीटिंग तथा क्वालिटी कंट्रोल शामिल है। मालूम हो कि अभी राज्य में 611 तरह की दवाएं तथा 132 तरह के सर्जिकल आइटम आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल हैं। इसमें हाल में 23 दवाओं को आवश्यक दवाओं की सूची में जोड़ा गया है। इस प्रकार आवश्यक दवाओं की संख्या बढ़कर 611 से 634 हो गयी है। आवश्यक दवाओं की सूची को अद्यतन करने के लिए नियमित अंतराल पर समीक्षा कर समिति द्वारा नई दवाइयों को इसमें शामिल करने की अनुशंसा भी की जाती है। राज्य में फ्री ड्रग सर्विस इनिशिएटिव यानी मुफ्त दवा सेवा पहल को प्रभावी बनाने एवं राज्य के सरकारी अस्पतालों में आवश्यक दवाओं और सर्जिकल सामग्रियों के इन्वेंटरी प्रबंधन सप्लाई चेन तथा औषधियों की आपूर्ति और वितरण व्यवस्था का ऑनलाइन अनुश्रवण ड्रग एंड वैक्सीन डिस्ट्रीब्यूशन मैनेजमेंट सिस्टम नाम के सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन से किया जा रहा है। इसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल से लेकर स्वास्थ्य उपकेंद्रों तक में क्रियाशील किया गया है।

# ग्रामीण क्षेत्र में शीतलहर के बाद भी नहीं जल रहे अलाव

**जालौन-उरई**

ग्रामीण क्षेत्र में शीतलहर के बाद भी अलाव नहीं जल रहे हैं। जिसके चलते ग्रामीण परेशान हैं। परेशान ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से ग्रामीण क्षेत्र में अलाव जलवाने की मांग की है।

इस समय मौसम बेहद सर्द है। तीन दिन से सूर्य न निकलने के कारण तापमान गिरने के साथ ही सर्द हवाएं चल रही थीं। हालांकि बुधवार को सूर्यदेव के दर्शन के बाद लोगों को सर्दी से कुछ राहत मिली और लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया। शीतलहर के चलते आम जनता के साथ पशु पक्षी सभी परेशान हैं। शीतलहर के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव नहीं जल रहे हैं। ग्रामीण अनूप श्रीवास्तव मकरंदपुरा, आदित्य नैनपुरा, दिनेश त्रिपाठी उरगांव, अंकित सिहारी पडैया, गजेंद्र सिंह सेंगर कुठौंदा बुजुर्ग, बृजेश कुमार खनुआं, राजेंद्र कुमार उदोतपुरा आदि ने बताया कि इस समय सर्दी के चलते हाल बेहाल हैं लोग घरों से निकलने में कतरा रहे हैं। सर्दी के चलते ग्रामीण घर से नहीं निकल पा रहे हैं। पूर्व में गांव के प्रमुख स्थानों पर अलाव जलाए जाते थे जिससे ग्रामीणों को ठंड से राहत मिलती थी। लेकिन इस बार ग्रामीण् क्षेत्र में अलाव नहीं जलने से ग्रामीण परेशान हैं। कई बार ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव जलवाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्र के लोग सर्द मौसम में ठिठुरने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से सर्द मौसम को देखते हुए जनहित में ग्रामीण क्षेत्र में अलाव जलवाने की मांग की है।

## कस्तूरबा पिंडारी का एसडीएम ने किया निरीक्षण

**कोंच।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिंडारी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का उपजिलाधिकारी ने निरीक्षण कर व्यवस्थायें देखी।विद्यालय का निरीक्षण करते हुए एसडीएम ज्योति सिंह ने विद्यालय में साफ़ सफ़ाई, पीने का साफ़ पानी, मैस से लेकर कमरों की व्यवस्था जांची। कमरों में खिड़की पर्दे आदि को देखते हुए एसडीएम ने भोजन की गुणवत्ता भी देखी। उन्होंने वार्डन को निर्देशित किया कि समय समय पर बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाये। निरीक्षण के दौरान करीब करीब सभी व्यवस्थायें दुरुस्त पायी गयीं। इस दौरान एसडीएम ने बालिकाओं से इतिहास, भूगोल से जुड़े प्रश्न भी पूछे।

## संक्षिप्त समाचार

### सोशल मीडिया पर बदनाम कर रहे व्यक्ति के खिलाफ पीड़ित ने दी थाने में तहरीर

**उरई ।** एट कस्बा में रहने वाले नवल शर्मा पुत्र अशर्फीलाल निवासी धगुंवा कला हाल निवास कोटरा मोड एट ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के ही बसंत पटेल पुत्र स्वर्गीय भगवान सिंह निवासी छोटी माता मंदिर एट जो कि शराब पीकर सोशल मीडिया पर कुछ समय से मुझे मेरे घर वालों को षड्यंत्र के तहत फसाने का काम कर रहा हैं वहीं पीड़ित ने बताया कि मुझे इससे कोई लेना-देना नहीं है और यह व्यक्ति मुझे वे वजह बदनाम करने में लगा हुआ है वही पीड़ित ने थाने में तहरीर दे दी है एवं थानाध्यक्ष को बताया कि यह व्यक्ति कुछ समय पहले मुझ से पैसे मांग रहा था मेरे न देने पर मुझे शोसल मीडिया के माध्यम से बदनाम कर रहा वही पुलिस का कहना है की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी

### महिला ने छेड़छाड़ की शिकायत

**कोंच।** युवक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस में शिकायत की थी। पुलिस पर आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही न किए जाने की बात कहते हुए महिला ने कोतवाली में खूब बवाल मचाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला पटेल नगर की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 29 दिसंबर को दिन में वह अपने घर के अंदर बाथरूम में नहा रही थी तभी मुहल्ले का ही रहने वाला एक युवक घर के भीतर घुस आया और बुरी नीयत से उसे दबोच कर अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने विरोध किया तो युवक ने उसे नीचे पटक दिया। आबरू बचाने के लिए वह चिल्लाई तो उसके ससुर मौके पर आ गए और उक्त युवक को ललकारा जिस पर वह धमकी देता हुआ वहां से भाग गया। अपने साथ घटी उक्त घटना को लेकर उसने 30 दिसंबर को पुलिस में शिकायत की थी। महिला ने पुलिस पर आरोपी के खिलाफ अब तक कार्यवाही न करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कोतवाली में हंगामा काटा। पुलिस कार्यवाही की बात कह रही है।

### विधायक के चाचा के निधन पर शोक

**कोंच।** माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन के 77 वर्षीय चाचा श्रीकृष्णा निरंजन का हृदयाघात होने से मंगलवार की शाम निधन हो जाने पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।विधायक के पैतृक गाँव महानवानी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। खबर मिलते ही क्षेत्रवासियों ने मौके पर पहुंचकर विधायक मूलचंद्र सहित परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया।

### रंजिश के चलते पड़ोसी महिला के साथ गाली-गलौज कर मारपीट

**जालौन-उरई।** रंजिश के चलते पड़ोसी महिला के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी पदमा ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी राहुल उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर गाली, गलौज करते रहते हैं। बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी राहुल वहां आए और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की

**जालौन-उरई।** एक्स (ट्विटर) पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटारा निवासी आशीष कुमार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर अकाउंट है। उसने अपने एक्स अकाउंट से 25 दिसंबर और छह जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर अभद्र टिप्पणी शेयर की थी। उसके द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी की शिकायत कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस से की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आज कालपी के अकोड़ी में

**उरई।** तहसीलदार/सचिव, विधिक सेवा प्राधिकरण तहसील कालपी ने विधिक साक्षरता शिविर/जागरूकता कार्यक्रमो के सम्बंध में बताया कि सचिव/न्यायाधीश कार्यालय जिला सेवा प्राधिकरण जालौन स्थान उरई के पत्र दिनांक 24.12.2024 के द्वारा माह जनवरी 2025 में विधिक सेवा कार्यक्रमों/ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन हेतु तहसील कालपी के ग्राम अकोढ़ी के प्राथमिक विद्यालय में दिनांक 09.01.2025 को अपरान्ह 2 बजे बालिकाओं को जन्म एवं शिक्षा का अधिकार/बच्चों को दूरदर्शन एवं इन्टरनेट के दुष्परिणाम की जानकारी / सर्वाइकल कैंसर से बचाव के विषय पर आयोजन किया जाना है।

# ब्लाक डकोर में सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया

**उरई**




''राष्टीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आज ब्लाक डकोर में सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, गरिमा पाठक, गुडसेमेरिटन पुरस्कार से पुरस्कृत समाज सेवी अब्दुल अलीम खान (अलीम सर) आदि उपस्थित रहे। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा उपस्थित समाज सेवियों के सहयोग से टैऊक्टर-ट्राली में रिफ्लेक्ट टेप लगाया गया व चार पहिया वाहन चालकों चाहे वह बस के चालक हों या चार पहिया वाहन के सभी वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन का संचालन करने हेतु एवम् दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट लगाकर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी तथा जो भी वाहन चालक बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहनों का संचालन करते मिले उनको फूल देकर व माला पहनाकर सीट बेल्ट व हेलमेट पहनकर वाहन का संचालन करने हेतु आग्रह किया गया एवम् सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, रॉंग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु आग्रहण किया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि भारत सड़क दुर्घटनाओं की समस्याओं से जूझ रहा है, जिसमें दुर्घटनाओं में हताहत होने वालों में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उपरोक्त के दृष्टिगत हम सभी की जिम्मदारी है कि हम स्वयं भी जागरुक हों और दूसरों को भी जागरुक करने हेतु आग्रह किया गया। सुरेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रर्व0) द्वारा मारकण्डेश्वर व पंचानन चैराहा कोंच में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को हेलमेट व सीट बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित किया गया व बगैर हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों का संचालन करते मिले उनके फूल देकर व माला पहनाकर सीट बेल्ट व हेलमेट का प्रयोग करके ही वाहन का संचालन करने हेतु आग्रह किया गया व यातायात नियमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। इसके साथ ही समस्त वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट के हाइ बीम/लो बीम के प्रयोग के बारे में जानकारी मुहैया करायी गयी। विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा रोडवेज बस स्टैण्ड उरई पर गुडसेमेरिटन पुरस्कार से पुरस्कृत समाज सेवी ममत स्वर्णकार, गुडसेमेरिटन पुरस्कार से पुरस्कृत समाज सेवी अब्दुल अलीम खान (अलीम सर), महावीर तरसौलिया, शांतिस्वरूप महेश्वरी, डॉ सी पी गुप्ता, युद्ध वीर कंथारिया, संतोष कुमार प्रजापति, डॉ नरेश वर्मा, गरिमा पाठक, महावीर शरण गुप्ता, हरिशंकर साहू के सहयोग से सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया जिसमें बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहनों का संचालन करने वाले वाहन स्वामियों को फूल देकर व माला पहनाकर उनसे हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु आग्रह किया गया व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरुक किया गया।

## सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग ग्रामीणों ने बीडीओ से की

**जालौन-उरई।** सहाव गांव में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग ग्रामीणों ने बीडीओ से की है। ग्रामीणों ने गांव में आबादी को देखते हुए सफाई कर्मचारियों को भी बड़वाए जाने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहाव को बड़ी ग्राम पंचायतों में गिना जाता है। गांव में 15 वार्ड हैं साथ ही इस क्षेत्र के विकास के लिए दो क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने जाते हैं। गांव की आबादी करीब साड़े चार हजार की है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी आबादी के लिहाज से गांव में सफाईकर्मियों की नियुक्ति नहीं है। गांव में सिर्फ एक ही सफाई कर्मचारी नियुक्त है। यही कारण है कि गांव में गंदगी फैली हुई है। आर्यावर्त बैंक के सामने गंदगी है। प्रशांत त्रिपाठी के घर के पास नाली में गंदा पानी भर रहा है। इसके अलावा पुलिया के पास कुइया बनी हुई है जो गंदगी से पटी पड़ी है। रामकुमार पाल के घर के पास, अय्यूब के दरवाजे, इमाम चौक की गली में, बबलू चौहान के घर, छोटे वाल्मीकि के घर के बाहर समेत विभिन्न स्थानों पर गंदगी पड़ी हुई। गंदगी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। ग्रामीण प्रशांत त्रिपाठी, मुस्ताक खां, ज्ञान सिंह परिहार, जहीर खान, अकील खां, छोटे दोहरे, विनय दुबे, अय्यूब खान, जकीर खान, संजय चतुर्वेदी आदि ने बताया कि उन्होंने गांव में फैली गंदगी की कई बार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत की लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बीडीओ से गांव में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग की है।

# जिलाधिकारी ने नेत्रहीन बच्चों के बीच गर्म वस्त्र, मिठाई, बिस्कुट, फल और अन्य जरूरी सामग्री का किया वितरण

**उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लहरियापूर्वा स्थित नेत्रहीन विद्यालय का दौरा किया और वहां के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र, मिठाई, बिस्कुट, फल और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनका हाल चाल लिया ।जिलाधिकारी ने बच्चों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े स्वेटर आदि प्रदान किए, जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी का भाव दिखा ।उन्होंने मिठाई बिस्कुट फल आदि के पैकेट भी वितरित किए । जिलाधिकारी ने विद्यालय के शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करेगा और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस प्रशांत निरंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसडीएम ने किया पिंडारी गौशाला का निरीक्षण

**कोंच।** गौशालाओ का इस वक्त बुरा हाल है। आए दिन पहाड़गाँव सहित अन्य तमाम गांवों की गौशालाओं में भूख प्यास, ठंड और बीमारी से गौवंशों की मौत होने की खबरें सामने आती रहती हैं।उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह पिंडारी की गौशाला का निरीक्षण करने पहुंची जहाँ उन्हें गौशाला के गेट पर ताला लटका मिला। गेट के बाहर से ही उन्होंने देखा तो गौशाला के अंदर गंदगी पसरी हुई थी,साथ ही अन्य व्यवस्थायें भी चौपट थीं। केयरटेकर भी नदारद पाया गया। एसडीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ सर्वेश कुमार रवि को आवश्यक कार्रवाई किए जाने के लिए पत्र जारी कर दिया है।

# वकीलों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**कोंच**



अधिवक्ताओं ने तमाम समस्याओं को लेकर डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर समस्याओं का हल किए जाने की मांग की।बार एसोसिएशन महामंत्री दीनानाथ निरंजन के साथ वकीलों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को ज्ञापन देकर कहा कि खतौनी कार्यालय में मात्र एक कर्मचारी नियुक्त है। उक्त कर्मचारी शुल्क जमा कर खतौनी निकालता है फिर मुहर लगाकर रजिस्टर में दर्ज कर वितरण कर पाता है जिससे विलंब होता है और किसानों को अनावश्यक रूप से लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने खतौनी कार्यालय में कम से कम 3 कर्मचरियों को नियुक्त किए जाने की मांग की है। इसके अलावा निबंधन कार्यालय से बैनामा होने के बाद 3 से 4 माह में नामांतरण प्रक्रिया शुरू होने और इसके बाद फिर 45 दिन बाद नामांतरण हो पाने को गलत मानते हुए अधिवक्ताओं ने कम समय में उक्त पूरी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम कोर्ट से कुरा बंटवारा आदेश पारित होने के बाद 3 से 4 माह में खतौनी में दर्ज होने को लेकर अधिवक्ताओं ने कम समय में कार्यवाही किए जाने की मांग की। वहीं तहसीलदार कोर्ट से पारित आदेश की पक्की नकल संबंधित अधिवक्ताओं एवं वादी को आसानी से उपलब्ध कराए जाने और आर.के. द्वारा घर पर रखी गयीं निस्तारित फाइलों से वादीगणों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाए जाने की भी मांग अधिवक्ताओं ने की है। इस दौरान हरीसिंह निरंजन, रामशरण कुशवाहा, राघवेन्द्र सिंह, प्रमोद गुप्ता आदि वकील मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की घोषणा, अंजू को मिली कमान

**कोंच**



देर रात भाजपा मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी गई। कोंच नगर मंडल की जिम्मेवारी अंजू अग्रवाल को दी गई है। अंजू को पार्टी के प्रति उनके समर्पण का लाभ पार्टी आलाकमान ने उन्हें दिया है। नदीगांव मंडल अध्यक्ष अनुराग खरे को एक बार फिर मंडल अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है।कोंच में नगर अध्यक्ष को लेकर काफी उठापटक की स्थिति थी। पार्टी आलाकमान ने जिला मंत्री अंजू अग्रवाल को नगर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देकर सबको चौंका दिया है। यहां पहली बार किसी महिला को नगर अध्यक्ष बनाया गया है। अंजू के अध्यक्ष बनने पर भाजपाइयों ने खुशी व्यक्त कर बधाई दी है। अंजू ने कहा है कि संगठन ने उन पर भरोसा जता कर जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी क्षमता के साथ करने की कोशिश करेंगी। वह सभी को साथ लेकर चलेंगीं और किसी को भी शिकायत का मौका नहीं देंगी।

# ब्लॉक कार्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन




**कोंच**

विकास खंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर ब्लॉक कार्यालय पर आयोजित किया गया।डीपीआरओ राम अयोध्या प्रसाद की उपस्थिति में आयोजित किए गए प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित प्रधानों, सचिवों और पंचायत सहायक अधिकारियों को ट्रेनर रामकुमार एवं प्रवीण नामदेव ने प्रशिक्षित किया। ट्रेनर द्वय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत होने वाले तमाम विकास कार्यों को लेकर कार्ययोजना पर अहम जानकारियाँ प्रदान की। डीपीआरओ ने कहा कि ग्राम पंचायतों में होने वाले विकास कार्यों की कार्य योजना समय रहते पूरी बना लें जिससे गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराये जा सकें। इस दौरान बीडीओ सर्वेश कुमार रवि, एडीओ नरेश द्विवेदी, देवेंद्र निरंजन, हरीश निरंजन, सचिव वसीम खान, हर्षित गुप्ता, नीता राठौर, पूनम सिंह, शिल्पी राजपूत, सूरजभान पटेल, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव, कॉर्डिनेटर कुसुम निरंजन, प्रधान प्रेमप्रकाश पटेल लौना, रामबिहारी बोहरा, आनंद पचौरी सामी, महेंद्र जुझारपुरा आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' के पहले दिन के टिकट की कीमत 99 रुपये होगी



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म फतेह के पहले दिन के टिकट की कीमत मात्र 99 रुपये रखी गयी है। सोनू सूद ने घोषणा की है कि उनकी फिल्म फतेह के पहले दिन के टिकट की कीमत सिर्फ 99 रुपये होगी। सोनू सूद ने कहा कि 2020 में जब हम कोविड की चपेट में आए तो मदद के लिए मेरे पास आने वाले कई लोग साइबर क्राइम के शिकार थे। वे धोखाधड़ी से जूझ रहे थे, और उनके खातों से पैसे निकल गए थे। यह मेरे दिल को छू गया, और मैं आम आदमी की कहानी बताना चाहता था। फतेह आम आदमी के लिए बनाई गई फिल्म है और मैं चाहता था कि यह पूरे भारत में सबसे सुलभ तरीके से सभी तक पहुंचे। इसलिए हमने पहले दिन के लिए टिकटों की कीमत सिर्फ 99 रुपये रखने का फैसला किया है। इसके अलावा मैं लोगों को वापस देने के अपने तरीके के रूप में फिल्म से होने वाला पूरा मुनाफ़ा दान में दूंगा।

### चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे पोल से टकराई, हादसा टला

**मोतिहारी:** आनंद बिहार से आ रही चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रैक पर रखे पोल टकरा गयी। रेल पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की रात मुजफ्फरपुर-नरकटियागंज रेलखंड के पूर्वी चंपारण के चैलाहा हॉल्ट के 169 किलोमीटर के पास असामाजिक तत्वों ने डाउन रेलवे ट्रैक पर सीमेंट का पोल रखकर ट्रेन को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश की। चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। रेलवे और आरपीएफ दोनों ही घटना की जांच में लगे हैं। सूत्रों ने बताया कि चैलाहां हाल्ट पर सांसद निधि से यात्रियों के बैठने के लिए सिमेंटेड बेंच बनवाया गया है। उस बेंच को असामाजिक तत्वों ने तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया और उसी क्षतिग्रस्त सिमेंटेड हिस्से को डाउन ट्रैक पर लाकर रख दिया। ट्रैक पर रखे गए उसी सिमेंटेड पोल से आनंद विहार से लौट रही सत्याग्रह एक्सप्रेस टकरा गई। हालांकि इस घटना में किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### चार विधायकों की सदस्यता रद्द करने का ज्ञापन विस अध्यक्ष को सौंपा


**पटना:** बिहार की मुख्य विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने दल बदल कानून का उल्लंघन कर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समर्थन करने वाले पार्टी के चार विधायकों की सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा। राजद के अब्दुल बारी सिद्दीकी, भाई वीरेंद्र, मुख्य सचेतक अब्दुल इस्लाम शाहीन, कांग्रेस की प्रतिमा दास, माले के अजय सिंह ने बुधवार को विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। सभा अध्यक्ष को दिए गए ज्ञापन में मोकामा विधायक नीलम देवी, सूर्यगढ़ा विधायक प्रहलाद यादव, शिवहर विधायक चेतन आनंद और मोहनिया विधायक संगीता कुमारी की सदस्यता दल बदल कानून का उल्लंघन करने के कारण रद्द करने का अनुरोध किया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछले वर्ष अचानक से राजद-कांग्रेस से नाता तोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से हाथ मिला लिया था। विधानसभा में बहुमत साबित करने के दौरान मोकामा विधायक नीलम देवी, सूर्यगढ़ा विधायक प्रहलाद यादव, शिवहर विधायक चेतन आनंद और मोहनिया विधायक संगीता कुमारी ने कुमार को समर्थन किया था। इसके बाद से सदन में यह सभी विधायक सत्ता पक्ष की ओर बैठने भी लगे थे।

### मोदी सरकार में देश की हो गई है अर्थव्यवस्था चौपट : भाकपा

**पटना:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी है। पांडेय ने बुधवार को कहा कि रुपये का लगातार अवमूल्यन हो रहा है। अब विकास दर में भी गिरावट आई है। लोग पहले से ही आर्थिक संकट झेल रहे हैं। केंद्र सरकार का बजट एक फरवरी को आएगा। इससे पहले विकास दर को लेकर जो रिपोर्ट आई है, वह काफी चिंता जनक है। उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में राष्ट्रीय आय के पहले अग्रिम अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जारी कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक देश की अर्थव्यवस्था 2023-24 के 8.2 फीसदी की तुलना में इस वर्ष 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी।

# युवाओं को देश की जिम्मेदारियां निभाने को तैयार करता है युवा महोत्सवः सिन्हा

● जम्मू,



**जम्मू**-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहाँ कहा कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव हमारे देश के युवाओं को देशभक्ति की भावनाओं के साथ भविष्य की चुनौतियों और जिम्मेदारियों को निभाने के लिए तैयार करता है।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में भाग लेने के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से 55 सदस्यीय युवा दल को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली के लिए रवाना किया गया। उपराज्यपाल ने भाग लेने वाले युवाओं और अधिकारियों के साथ बातचीत की और उन्हें अपनी शुभकामनाएं दीं। सिन्हा ने युवाओं से अपनी नेतृत्व प्रतिभा प्रदर्शित करने और लोक नृत्य, कविता, लेखन, पेंटिंग और संगीत में विविधता प्रदर्शित करने के इस विशेष अवसर का लाभ उठाने का आह्वान किया। उपराज्यपाल ने युवाओं से अपनी-अपनी प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्टता हासिल करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के तरीके तलाशने को कहा। राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दृष्टिकोण और उद्देश्य पर बोलते हुए, उपराज्यपाल ने कहा कि यह गौरवशाली आयोजन हमारे युवाओं को देशभक्ति की भावनाओं के साथ देश के प्रति भविष्य की चुनौतियों और जिम्मेदारियों को संभालने के लिए तैयार करता है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय सांस्कृतिक मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। युवा महोत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को लोकप्रिय बनाने और समाज की सांस्कृतिक चेतना को समृद्ध करने का अवसर प्रदान करेगा।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशाखापत्तनम पहुंचने पर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और राज्यपाल एस.अब्दुल नजीर ने उनका स्वागत किया।

# बांग्लादेश: शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द

## हिंसा मामले में गिरफ्तारी वारंट भी जारी, भारत ने हसीना का वीजा बढ़ाया

● ढाका, एजेंसी

**बांग्लादेश** की यूनुस सरकार ने मंगलवार को जुलाई में हुई हिंसा की वजह से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना समेत 97 लोगों का पासपोर्ट रद्द कर दिया। बांग्लादेश की न्यूज एजेंसी इरर के मुताबिक इसमें से 22 पासपोर्ट जबरन गायब किए गए लोगों के हैं, जबकि शेख हसीना सहित 75 लोगों के पासपोर्ट जुलाई में हुई हत्याओं में शामिल होने के कारण रद्द किए गए।

शेख हसीना का पासपोर्ट रद्द होने के कुछ देर बाद ही भारत सरकार ने उनका वीजा बढ़ा दिया। इससे साफ हो गया है कि भारत हसीना को बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं करेगा। इससे पहले 6 जनवरी को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भी हसीना को डिपोर्ट करने के लिए भारत से अपील कर चुकी है।बांग्लादेश के इंडिपेंडेंट इन्क्वायरी कमीशन के हेड मेजर जनरल फजलुर रहमान का कहना है कि अगर भारत शेख हसीना को डिपोर्ट नहीं करता है तो, कमीशन उनसे भारत आकर पूछताछ करने को भी तैयार है।



दरअसल, 5 अगस्त को तख्तापलट के बाद शेख हसीना ने भागकर भारत में पनाह ली थी। वे तब से यही पर हैं। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए गए हैं।साल 2013 की बात है। भारत के नॉर्थ-ईस्ट उग्रवादी समूह के लोग बांग्लादेश में छिप रहे थे। सरकार उन्हें बांग्लादेश में पनाह लेने से रोकना चाहती थी। इसी वक्त बांग्लादेश के प्रतिबंधित संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के लोग भारत में आकर छिप रहे थे। दोनों देशों ने इस समस्या से निपटने के लिए एक प्रत्यर्पण समझौता किया। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे के यहां पनाह ले रहे भगोड़ों को लौटाने की मांग कर सकते हैं। हालांकि इसमें एक पेंच ये है कि भारत राजनीति से जुड़े मामलों में किसी व्यक्ति के प्रत्यर्पण से इनकार कर सकता है, लेकिन अगर उस व्यक्ति पर हत्या और किडनैपिंग जैसे संगीन मामले दर्ज हों तो उसके प्रत्यर्पण को रोका नहीं जा सकता। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक इस समझौते की बदौलत, बांग्लादेश ने 2015 में यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम के नेता अनूप चेतिया को भारत को सौंपा था। भारत भी अब तक बांग्लादेश के कई भगोड़ों को वापस भेज चुका है। समझौते में 2016 में हुए संशोधन के मुताबिक, प्रत्यर्पण की मांग करने वाले देश को अपराध के सबूत देने की जरूरत भी नहीं है। इसके लिए कोर्ट से जारी वारंट ही काफी है।

### आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था सरकार का तख्तापलट

**पिछले** साल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इसके बाद से ही ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। यह आरक्षण खत्म कर दिया गया तो छात्रों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गईं। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई।

# आप'की नौटंकी का जनता चुनाव में देगी जवाब :भाजपा

● नई दिल्ली,

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने आज आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला करते हुए आज कहा कि अरविंद केजरीवाल की विलासिता के प्रतीक शीशमहल को लेकर पार्टी के राज्यसभा में नेता सदन संजय सिंह और दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज के मुख्यमंत्री आवास में जबरन घुसकर हो-हल्ला करना मौकापरस्ती एवं नौटंकी है और विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें इसका समुचित जवाब देगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी के मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और आम आदमी पार्टी के नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल के शीशमहल की सच्चाई जनता से छिपाने के प्रयास 'अराजकता और निरर्थकता' का उदाहरण है। डॉ. त्रिवेदी ने दिल्ली में आचार संहिता लागू होने के बाद आम आदमी पार्टी द्वारा किए जा रहे हो-हल्ले को 'मौकापरस्ती और नौटंकी' करार करार देते हुए शीशमहल को 'अरविंद केजरीवाल की विलासिता का प्रतीक' बताया। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में आचार संहिता लगने के साथ ही भ्रष्टाचार के स्मारक (शीश महल) की हकीकत जनता के सामने आती जा रही है। आज एक भोंडा प्रदर्शन आम आदमी पार्टी के नेता सदन संजय सिंह और मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा किया गया। ये जितना भी प्रयास कर लें, परंतु शीश महल, जो अरविंद केजरीवाल की 'विलासिता का स्मारक' है, उसे बचा नहीं सकते। ये लाचारी है या बाजीगरी है, यह दिल्ली की जनता भलीभांति समझती है। दिल्ली की जनता को निर्लज्जता से लूटकर शीशमहल को विलासिता की वस्तुओं का संग्रहालय बनाया गया, आम आदमी पार्टी इस सच्चाई से बच नहीं सकती। इस शीशमहल को बचाने के लिए आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा जो कृत्य किए जा रहे हैं, वे उनके अहंकार, उद्दंडता और अराजकता का ही प्रदर्शन है, जो आम आदमी पार्टी की स्वाभाविक प्रवृत्ति का हिस्सा है।



### खाड़ी में भारी बर्फबारी की चेतावनी

**टोक्यो:** जापान के मौसम विभाग ने उत्तर से लेकर पश्चिमी क्षेत्र मे शुक्रवार तक भारी बर्फबारी और तेज़ हवा चलने की चेतावनी दी है, खासकर उन क्षेत्रों मे जो जापान की खाड़ी के आसपास हैं । निगाता परफेक्चर, होकुसंरिकु और तोहोकु क्षेत्र एवं गिफु परफेक्चर में लगभग 70 सेन्टीमीटर, चुगोकु क्षेत्र में 50 सेन्टीमीटर, होक्काइडो में 40-50 सेन्टीमीटर, किन्कि क्षेत्र में 35 सेन्टीमीटर, यामागुची परफेक्चर और शिकोगु क्षेत्र में 20-30 सेन्टीमीटर और उत्तरी क्युशु में पांच-सात सेन्टीमीटर की बर्फबारी होने के आसार हैं। मौसम अधिकारी ने स्थानीय लोगों से बर्फबारी की वजह से होने वाली परेशानियां जैसे यातायात में बाधा, तेज़ हवा, हिमस्खलन और बिजली गिरने जैसी खतरों से सावधानी बरतने को कहा है।

### बस-ट्रक की टक्कर में 19 यात्री घायल

**सांगली:** महाराष्ट्र के सांगली जिले के तनांग फाटा में नागपुर-रत्नागिरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक ट्रक और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस की टक्कर में 11 छात्रों सहित कम से कम 19 यात्री घायल हो गए। मिराज तहसील ग्रामीण पुलिस के अनुसार, एमएसआरटीसी बस मिराज से जाट जा रही थी। तनांग फाटा में एक मल्टी-एक्सल ट्रक ने मोड़ पर एक बस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 11 छात्रों सहित 19 यात्री घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए मिराज के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। हादसे के बाद दोनों तरफ वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मिराज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात को चालू कराया।

### समुद्री विमान दुर्घटना में तीन की मौत

**सिडनी:** पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के तट पर एक समुद्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो विदेशी पर्यटकों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया प्रीमियर रोजर कुक ने बुधवार को यहां के पुलिस आयुक्त कर्नल ब्लैंच के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मृतकों के शव मंगलवार रात जल पुलिस ने मलबे से बरामद किए। उनकी पहचान पर्थ के 34 वर्षीय पुरुष पायलट, 65 वर्षीय महिला स्विस पर्यटक और डेनमार्क के 60 वर्षीय पुरुष पर्यटक के रूप में की गई है। निजी स्वामित्व वाले सीप्लेन में सात लोग सवार थे, उड़ान भरने के तुरंत बाद समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि चार यात्रियों को पानी से निकाला गया और हवाई मार्ग से अस्पताल ले जाया गया, जिनमें से तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।



केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, चिराग पासवान ने उत्तर प्रदेश में इंडिया एक्सपोज़िशन मार्ट लिमिटेड, ग्रेटर नोएडा में इंडसफूड 2025 कार्यक्रम के 8वें संस्करण का उद्घाटन किया।

# 'महाकुम्भ विश्व की पुरातन संस्कृतियों का महासंगम'

### स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने महाकुम्भ प्रयागराज के लिये किया प्रस्थान

ऋषिकेश

**परमार्थ** निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने ऋषिकेश से महाकुंभ प्रयागराज के लिये प्रस्थान किया।

स्वामी ने गुरुवार को लखनऊ में राज्यपाल उत्तरप्रदेशआनंदीबेन पटेल से भेंटवार्ता की। 15 से 20 फरवरी 2025, परमार्थ निकेतन शिविर, प्रयागराज में आयोजित कीवा कुम्भ के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को आमंत्रित किया। कीवा कुम्भ विश्व की पुरातन संस्कृतियों का दिव्य समन्वय हैं जो कि ' वसुधैव कुटुम्बकम' की थीम पर आधारित है। स्वामी चिदानन्द सरस्वतीने माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से महाकुंभ पर विस्तृत चर्चा की। स्वामी ने उन्हें कुम्भ के दौरान परमार्थ निकेतन शिविर, अरैल प्रयागराज में होने वाले विभिन्न आयोजनों की भावी योजनाओं और धार्मिक, सांस्कृतिक और समाजसेवी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि कीवा महाकुंभ न केवल एक धार्मिक मेला है, बल्कि यह विश्व की पुरातन संस्कृतियों का महासंगम है। यह एक ऐसी अद्वितीय प्रक्रिया है जो समग्र मानवता के लिए कल्याणकारी है। विगत कुम्भ-2019 में कीवा कुम्भ का आयोजन किया गया था।





नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक से पहले मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून का स्वागत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

# कश्मीर घाटी में ठंड का कहर जारी

## पर्यटन स्थलों पर शीतलहर का प्रकोप बढ़ा, रात का तापमान शून्य से नीचे पहुंचा

● श्रीनगर,

**कश्मीर** घाटी में रात के तापमान में फिर से गिरावट आयी, पर्यटन स्थलों पर बुधवार को तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया गया। बुधवार को गुलमर्ग में तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस से कम पहलगाम में शून्य से 8.2 डिग्री सेल्सियस कम और सोनमर्ग में शून्य से 10.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

मौसम विभाग श्रीनगर का अनुमान है कि यहां 11 और 12 जनवरी के दौरान जम्मू के मैदानी इलाकों में हल्की बारिश और छिटपुट स्थानों पर बर्फबारी को छोड़कर 15 जनवरी तक मौसम आम तौर पर शुष्क रहेगा। गुलमर्ग के स्कीइंग रिज़ॉर्ट में पिछली रात को तापमान शून्य से 6.6 डिग्री सेल्सियस कम के मुकाबले बुधवार को शून्य से 9.0 डिग्री सेल्सियस के निचले स्तर तक लुढ़क गया। उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के पर्यटक स्थल के लिए दिन का तापमान सामान्य से शून्य से दो डिग्री सेल्सियस कम था।

पहलगाम में मंगलवार का तापमान शून्य से 7.8 डिग्री सेल्सियस कम के मुकाबले न्यूनतम तापमान शून्य से 8.2 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। इस अवधि के दौरान दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पर्यटन स्थल के लिए यह सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस कम था। मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले के सुरम्य सोनमर्ग में मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि के दौरान न्यूनतम तापमान शून्य से 10.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। श्रीनगर में पिछली रात तापमान 0.9 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले न्यूनतम तापमान शून्य से 1.0त्ऊ कम दर्ज किया गया, और यह इस अवधि के दौरान उस स्थान के औसत तापमान से 0.9 डिग्री सेल्सियस अधिक था।



मौसम कार्यालय ने कहा कि राजधानी का अधिकतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिन के सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक था। मौसम कार्यालय ने कहा कि सीमांत कश्मीर जिले कुपवाड़ा में बुधवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस कम, दक्षिण कश्मीर के पिकनिक स्थल कोकेरनाग में शून्य से 1.9 डिग्री सेल्सियस कम और काजीगुंड में शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया।

# इजरायल के आवासीय क्षेत्र में बर्ड फ्लू फैला

**यरूशलम:** इजरायल के हिबत तजियोन गांव में 29300 मुर्गियों वाले आवासीय क्षेत्र में बर्ड फ्लू फैल गया है।

इजरायली कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए प्रभावित क्षेत्र के 10 किलोमीटर के दायरे को संगरोध में रखा गया था और कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मंत्रालय ने पक्षी प्रजनकों को अपने पक्षियों को घर के अंदर रखने की सलाह दी और सिफारिश की कि जनता उचित पैकेजिंग के साथ विनियमित स्रोतों से अंडे खरीदें और सुनिश्चित करें कि अंडे अच्छी तरह से पकाए गए हों। इसके अलावा मंगलवार को दक्षिणी शहर अश्कलोन के एक पारिस्थितिक पार्क में स्थित इज़रायल की सबसे बड़ी झील में बर्ड फ्लू से संक्रमित मृत पक्षी पाए गए।

संपादकीय

# जीडीपी का अनुमान

**अर्थव्यवस्था** के हालात अच्छे नहीं हैं। रुपया लगातार गिर रहा है। शेयर बाजार धंस रहा है। अब खबर आई है कि चालू वित्त वर्ष (2024-2025) में देश की जीडीपी अर्थात सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रह सकती है। अगर ऐसा हुआ तो यह चार साल के निचले स्तर पर आ सकती है। पिछले वित्त वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी करते हुए कहा कि वास्तविक जीडीपी के इस वित्त वर्ष में 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। एनएसओ का चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान आरबीआई के अनुमान से कम है। आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी के 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है। किसी देश की जीडीपी तब गिरती है, जब नागरिकों की क्रय शक्ति कम हो जाती है। क्रय शक्ति कम होने का एक कारण महंगाई होती है। दूसरा कारण आमदनी में की होना होता है। दुर्भाग्य से यही दोनों कारण आज शिद्दत से मौजूद हैं। अग्रिम जीडीपी अनुमान केंद्रीय बजट तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आर्थिक गतिविधि में मंदी का संकेत दे रहा है। यह अनुमान वित्त वर्ष 2024 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान वृद्धि में तेज गिरावट के बाद आया है। दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ घटकर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी। इससे आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने विकास पूर्वानुमान को संशोधित करके 6.6 प्रतिशत कर दिया, जो पहले के 7.2 प्रतिशत के अनुमान से कम है। जीडीपी वृद्धि में अत्यंत महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर उस तरह से नहीं बढ़ रहा है, जिस तरह से बढ़ना चाहिए। सरकार अब भारत के ग्रोथ में गिरावट की वास्तविकता और इसके विभिन्न पहलुओं से इंकार नहीं कर सकती है। दरअसल, पिछले दस वर्षों में, भारत की उपभोग कहानी रिवर्स स्विंग में चली गई है और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी है। कुल मिलाकर देश के आर्थिक हालात सही नहीं हैं। विडंबना यह है कि इस पर कोई बहस नहीं हो रही है। बहस इस पर हो रही है कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री निवास पर किसने कितना पैसा खर्च किया है। चुनाव में भी गिरती जीडीपी मुद्दा नहीं बनेगी, क्योंकि आम आदमी को जीडीपी जैसे मुद्दे रूखे लगते हैं।

**किसी देश की जीडीपी तब गिरती है, जब नागरिकों की क्रय शक्ति कम हो जाती है। चुनाव में जीडीपी मुद्दा नहीं बनेगी, क्योंकि आम आदमी को ये मुद्दे रूखे लगते हैं।**


पाठकवाणी

## जीवनरक्षा का संवेदनशील कदम

**सड़क** दुर्घटनाओं के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने एक अत्यंत सराहनीय और मानवीय पहल करते हुए कैशलेस इलाज योजना शुरू की है। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा घोषित इस योजना के तहत, सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को 1.5 लाख रुपये तक का नि:शुल्क और कैशलेस इलाज प्रदान किया जाएगा। दुर्घटना के बाद पुलिस को 24 घंटे के भीतर सूचना दर्ज करनी होगी, और इलाज की प्रक्रिया 7 दिनों तक बिना किसी आर्थिक बोझ के जारी रहेगी। यह अभिनव पहल न केवल पीड़ितों के जीवन को बचाने में सहायक होगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी जो आर्थिक रूप से इलाज का खर्च उठाने में सक्षम नहीं होते। गंभीर मामलों में मुआवजे की त्वरित व्यवस्था इस योजना को और भी प्रभावी बनाती है। देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोग अपनी जान गंवाते हैं। इस योजना के माध्यम से सरकार न केवल त्वरित उपचार सुनिश्चित कर रही है, बल्कि सड़क सुरक्षा के महत्व को भी बढ़ावा दे रही है।यह मानवीय कदम सरकार की संवेदनशीलता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। ऐसी योजनाएं न केवल सड़क दुर्घटनाओं के प्रभाव को कम करेंगी, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनेंगी।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (मप्र)

कुछ खास



इंडिया एलायंस सिर्फ लोकसभा चुनाव तक के लिए था। इसलिए दिल्ली चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच तालमेल नहीं होना अस्वाभाविक बात नहीं। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पार्टी के बीच पहले से गठबंधन था।

**-तेजस्वी यादव**, राजद प्रमुख

आज का ट्वीट



'' अमेरिका में नफरती चंटू हिंदुस्तानियों की दुकानों में घुस कर 'एच1बी वायरस' नहीं आने देंगे पर साइन करवा रहे हैं। नफरतें भस्म कर देंगी।''

**-संदीप**

# प्रवासी भारतीयों की अनदेखी

सामयिक



**शाहीन सबा**

दुनिया के कोने -कोने में बसे प्रवासी भारतीयों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने के लिए प्रत्येक वर्ष 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस मनाया जाता है। इस परम्परा की शुरुआत 2003 में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी के कार्यकाल में प्रसिद्ध विधिवेत्ता डॉ. लक्ष्मीमल सिंधवी के प्रयासों के फलस्वरूप हुई थी। तब से लेकर आज तक यह निरन्तर जारी है। बीच के कुछ वर्षों में यह आयोजन अपने मूल उद्देश्य से भटक गया था। राजग सरकार ने प्रवासी भारतीय सम्मेलन को प्रेमोन्मुख बनाया था, लेकिन उसके बाद आयी सप्रंग सरकार ने इसके मायने ही बदल डाले थे। उसने इसे महज रस्म अदायगी का विषय बनाते हुए लाभ उन्मुख बना दिया। सप्रंग सरकार की नजरें केवल उन प्रवासियों पर रहती थी जो विदेशों में अच्छी धाक जमा चुके हैं और उन लोगों को नजरअंदाज करती रही है जो अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका एवं खाड़ी के देशों में अभी भी निचले स्तर पर जीवन यापन करने के लिए विवश हैं। लेकिन जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होने फिर से इसे अपने मूल ढर्रे पर ला खड़ा किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह स्पष्ट कर दिया कि यह आयोजन केवल डॉलर और पाउण्ड की आमद के उद्देश्य से नहीं किया जाता अपितु अपने जनों के दिलों के मेल के लिए किया जाता है।

**कंगाली की चपेट से बहुत ही मुश्किल से हम 1991 में निकले थे और आर्थिक सुधारवाद की नीतियों पर चलते हुए 8 फीसद तक की औसत वृद्धि दर भी हासिल कर ली थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक के बाद एक हो रही गलतियों की वजह से आज फिर भारत आर्थिक संकट के दलदल में फंसता नजर आ रहा है।**




आज के समय में विश्व के सौ से अधिक देशों में बसे प्रवासी भारतीयों की संख्या 3.54 करोड़ आंकी गई है। एक अनुमान के मुताबिक विश्व का हर छठा प्रवासी भारतीय है। कई देशों में तो प्रवासी भारतीय वहां की औसत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने के साथ-साथ वहां की आर्थिक व राजनीतिक दशा दिशा को भी तय करते हैं । जहां भी भारतीय गये वहां पर उन्होने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वे व्यापारी, शिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, अभियन्ता, वैज्ञानिक, अनुसंधानकर्ता, शासक एवं प्रशासक आदि के रूप में स्वीकार किए गए। विदेशी आर्थिक तंत्र को मजबूती प्रदान करने में भी भारतीय पीछे नहीं हैं। कुछ देशों में तो वहां की राष्ट्रीय आय में एक बड़ा हिस्सा प्रवासी भारतीयों का ही होता है। भारतवंशियों की इन्हीं सफलताओं के चलते भारत की छवि में दिन-ब-दिन निखार आ रहा है। अक्सर यह प्रश्न उठता है कि प्रवासी भारतीयों के इतने सशक्त एवं प्रभावी होने के बावजूद भी भारत के विकास में योगदान देने से क्यों हिचकिचाते हैं? वे चीनी प्रवासियों की तरह अपने मूल देश की तरक्की में बढ-चढ़कर योगदान देने में पीछे क्यों हैं?

एक अनुमान के मुताबिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में प्रवासी भारतीयों का हिस्सा महज 6 फीसदी है, जो चीन के मुकालबे बहुत ही कम है। एक सर्वे के मुताबिक चीन के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में प्रवासी चीनियों का 67 फीसदी हिस्सा है। अब सवाल यह खड़ा होता है कि क्या प्रवासी भारतीयों को अपने मूल देश से प्रवासी चीनियों के मुकाबले कम लगाव है? क्या वे मातृभूमि के प्रति अपने फर्ज को भूल गए हैं? यदि प्रवासियों के भारत के प्रति उदासीनता के कारणों का विश्लेषण किया जाए तो मालूम चलता है कि कमी उनके चरित्र में नहीं, अपितु हमारे राष्ट्रीय चरित्र में ही है। प्रवासी भारतीयों के चरित्र पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबां में झांकने की जरूरत है। एक साधारण भारतीय चाहे वह देश में रहता हो या विदेश में अपने देश से समान लगाव रखता है। भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में प्रवासी भारतीयों की कम भागीदारी के लिए हमारी सरकारी नीतियां ही सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं। सरकार की नीतियों का निष्पक्ष एवं ईमानदारी से आंकलन करने से पता चलता है कि हालात उससे कहीं ज्यादा गंभीर हैं, जितना कि हम सोचते हैं। निवेश वहीं होता है जहां पर लाभ की गुजाइश होती है। यही कारण है कि अनिवासी भारतीय तो दूर निवासी भारतीय भी भारत में निवेश से कतराते हैं। पिछले 2-3 वर्षों से भारत के सभी बड़े औद्योगिक घराने विदेश में निवेश को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं और उनके टर्न ओवर का एक बड़ा हिस्सा विदेश में किए गए निवेश से आ रहा है।

कंगाली की चपेट से बहुत ही मुश्किल से हम 1991 में निकले थे और आर्थिक सुधारवाद की नीतियों पर चलते हुए 8 फीसद तक की औसत वृद्धि दर भी हासिल कर ली थी, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक के बाद एक हो रही गलतियों की वजह से आज फिर भारत आर्थिक संकट के दलदल में फंसता नजर आ रहा है। बजटीय घाटा का बढ़ना, रुपए का डालर के मुकालबे निम्न स्तर पर पहुंचना आदि कारणों ने आज हमारी हालत को 'आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपया' की कहावत से भी बदतर कर दिया है। आज आवश्यता यह है कि देश में आर्थिक हालात का जायजा लेने और सुधारवाद पर एक साधा न्यूनतम कार्यक्रम बनाने की, जिस पर राजनीतिक दलों की आमराय और स्वीकृति हो। कमाई नहीं होगी तो उस वर्ग का भला कैसे होगा जिसकी दुहाई देते हुए आर्थिक सुधारवाद के कार्यक्रमों का विरोध किया जाता है?

सरकार मौजूदा आर्थिक विपदा को एक अवसर में तब्दील करने का अगर संकल्प लेती है तो इससे प्रवासी एवं अप्रवासी दोनों को लाभ मिलेगा। एक बात और जो हमारे मन में उठ रही है वह यह है कि क्या हम अपने प्रवासी भाई-बंधुओं से अपना अधिक से अधिक आर्थिक हित साधने के लिए उनसे नाता रखना चाहते हैं? हमें यह याद रखना होगा कि पैसा ही सब कुछ नहीं है। प्रवासी भारतीयों से परस्पर ज्ञान और विज्ञान के विनिमय से भी भारत विकास के पथ पर तेजी से दौड़ सकता है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता है कि प्रवासी भारतीय अपनी प्रतिभा का पूरी दुनिया में फहराये हुए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार नासा में कार्यरत 36 प्रतिशत वैज्ञानिक भारतीय मूल के हैं। अमेरिका के 38 प्रतिशत डॉक्टर भारतीय हैं। माइक्रोसॉफ्ट में काम करने वाले 34 प्रतिशत, आईबीएम में 28 प्रतिशत एवं इंटेल में 17 प्रतिशत भारतीय ही हैं। स्वदेश पैसा भेजने के मामले में भी भारतीय पहले नंबर पर हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि विगत वित्त वर्ष के दौरान भारतीयों ने अपने देश को कुल 56 अरब डॉलर की राशि भेजी है। भारत सरकार ने प्रवासी भारतीयों के लिए एक अलग मंत्रालय की स्थापना की है लेकिन सुविधाओं के अभाव में अभी तक इसके द्वारा प्रवासी भारतीयों के लिए काई कारगर पहल नहीं की गई।

प्रवासी भारतीयों को दोहरी नागरिकता देने का वादा भी अभी जस का तस है। मत देने का अधिकार जरूर दे दिया गया है लेकिन यह नाकाफी है। यदि प्रवासियों से किए गए वादों पर नजर डाला जाए तो एक लम्बी फेहरिस्त नजर आती है। अब वादों की फेहरिस्त लंबी करने की बजाए पूरा करने पर जोर दिया जाए तो निश्चय ही आने वाले समय में देश को इसका लाभ मिलेगा।

# विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2025-हिंदी भाषा सभी समुदायों धर्मों संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है

## हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा में जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है

**प्राचीन भारत में साहित्य कला व संस्कृति में हिंदी का अभिन्न योगदान है व भारतीय समाज की आत्मा है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**




**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर इंग्लिश मंदारिन के बाद,हिंदी विश्व की तीसरी सबसे अधिक बोलने वाली भाषा है। 10 जनवरी 2025 को जहां विश्व में हिंदी दिवस मनाया जा रहा है, वही 14 सितंबर को भारत में हिंदी दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकिहिंदी को 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में राजभाषा बनाने का फैसला किया था।वैश्विक स्तरपर हिंदी को लेकर पहला आयोजन 10 जनवरी 1974 को महाराष्ट्र के नागपुर में किया गया था, इस सम्मेलन में 30 देशों के 122 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। साल 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने प्रथम विश्व हिंदी सम्मेलन का उद्घाटन किया था। साल 2006 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। हिंदी हमारी एक राजभाषा है और उत्तर भारत के कई राज्यों में प्रमुख रूप से बोली जाती है। हिंदी भारत के अलावा भारत के पड़ोसी देशों पाकिस्तान, बांग्लादेश नेपाल, श्रीलंका में भी बोली जाती है, इसके अलावा दुनियाँ के कई देशों में यह भाषा लोकप्रिय है और मॉरीशस जैसे देशों में भी बोली जाती है। हिंदी को जन-जन की भाषा के रूप में भी जाना जाता है औए इस भाषा को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए हिंदी दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। हर साल दो बार हिंदी दिवस मनाया जाता है। चूँकि हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा व जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है, इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से, इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2025, हिंदी भाषा सभी समुदायों धर्मो संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा को गहराई से जानने की करें तो, (1) राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा था। वह चाहते थे कि हिन्दी राष्ट्रभाषा बने। उन्होंने 1918 में आयोजित हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी को राष्ट्र भाषा बनाने के लिए कहा था। आजादी मिलने के बाद लंबे विचार-विमर्श के बादआखिरकार 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा में हिन्दी को राज भाषा बनाने का फैसला लिया गया। हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने के विचार से बहुत से लोग खुश नहीं थे। कइयों का कहना था कि सबको हिंदी ही बोलनी है तो आजादी के क्या, मायने रह जाएंगे, ऐसे में मत बंटने से हिंदी नहीं बन पाई देश की राष्ट्रभाषा। (2) इंग्लिश और मंदारिन के बाद हिंदी विश्व की तीसरी सबसे ज्यादा बोली जाने वाली भाषा है। (3) विश्व हिंदी दिवस और हिंदी दिवस में अंतर है, भारत में हिंदी दिवस 14 सितंबर को होता है। वहीं हर साल विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी को मनाया जाता है। दोनों दिनों का मकसद हिन्दी को प्रोत्साहित करना है। विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य वैश्विक स्तरपर इसे बढ़ावा देना है।14 सितंबर के दिन 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला किया था। इस दिन की याद में राष्ट्रीय हिंदी दिवस मनाया जाता है। जबकि विश्व हिंदी दिवस का मकसद विश्व में हिंदी को बढ़ावा देना है। 10 जनवरी, 2006 को भारत सरकार ने इसे विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। पहले विश्व हिन्दी सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी, 1975 को नागपुर में किया गया था। अभी तक पोर्ट लुईस, स्पेन, लंदन, न्यूयॉर्क, जोहानसबर्ग आदि सहित भारत में विश्व हिन्दी सम्मेलनों का आयोजन किया जा चुका है। (4) दुनिया की सबसे प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी (शब्दकोश) हर साल भारतीय शब्दों को जगह दे रही है। ऑक्सफोर्ड ने आत्मनिर्भरता, चड्डी, बापू, सूर्य नमस्कार, आधार, नारी शक्ति और अच्छा शब्द को भी अपने प्रतिष्ठित शब्दकोश में जगह दी है। अरे यार!, भेलपूरी, चूड़ीदार, ढाबा, बदमाश, चुप, फंडा, चाचा, चौधरी, चमचा, दादागीरी, जुगाड़, पायजामा, कीमा, पापड़, करी, चटनी, अवतार, चीता, गुरु, जिमखाना, मंत्र, महाराजा, मुगल, निर्वाण, पंडित, ठग, बरामदा जैसे शब्द भी इसमें शामिल हैं। (5) दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र में फिजी नाम का एक द्वीप देश है जहां हिंदी को आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। (6) भारत के अलावा मॉरीशस, फिलीपींस, नेपाल, फिजी, गुयाना, सुरिनाम, त्रिनिदाद, तिब्बत और पाकिस्तान में कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही लेकिन हिंदी बोली और समझी जाती है। (7) हिंदी में उच्चतर शोध के लिए भारत सरकार ने 1963 में केंद्रीय हिंदी संस्थान की स्थापना की। देश भर में इसके आठ केंद्र हैं। (8) अभी विश्व के सैंकड़ों विश?वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती है और पूरी दुनिया में करोड़ों लोग हिन्दी बोलते हैं। अमेरिका में लगभग एक सौ पचास से ज्यादा शैक्षणिक संस्थानों में हिंदी का पठन-पाठन हो रहा है। (9) भारत फिजी के अलावा मॉरीशस, फिलीपींस, अमेरिका, न्यूजीलैंड, यूगांडा, सिंगापुर, नेपाल, गुयाना, सुरिनाम, त्रिनिदाद, तिब्बत, दक्षिण अफ्रीका, सूरीनाम यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी और पाकिस्तान में कुछ परिवर्तनों के साथ ही सही लेकिन हिंदी बोली और समझी जाती है। (10) हिंदी का नाम फारसी शब्द हिंद से लिया गया है, जिसका अर्थ है सिंधु नदी की भूमि। फारसी बोलने वाले तुर्क जिन्होंने गंगा के मैदान और पंजाब पर आक्रमण किया, 11वीं शताब्दी की शुरूआत में सिंधु नदी के किनारे बोली जाने वाली भाषा को हिंदी नाम दिया था। यह भाषा भारत की आधिकारिक भाषा है और संयुक्त अरब अमीरात में एक मान्यता प्राप्त अल्पसंख्यक भाषा है। साथियों बात अगर हम हिंदी भाषा को एक भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा वह जीवन शैली के लिए अभिन्न हिस्सा होने की करें तो, हिंदी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है। यह हमारी पहचान है, और हम सभी हिंदी बोलकर अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखते हैं। हिंदी भाषा का इतिहास बहुत पुराना है और यह हमारे साहित्य, कला, और फिल्म उद्योग का अभिन्न हिस्सा है। हिंदी फिल्मों के माध्यम से यह भाषा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में लोकप्रिय हुई है। बॉलीवुड ने हिंदी को वैश्विक स्तर पर एक पहचान दिलाई है।दुनिया भर में हिंदी बोलने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। भारत में लगभग 44 प्रतिशत लोग हिंदी बोलते हैं और यह संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इसके अलावा, नेपाल पाकिस्तान, बांगलादेश, श्रीलंका जैसे देशों में भी हिंदी बोली जाती है। आजकल हिंदी का प्रभाव वैश्विक स्तर पर बढ़ रहा है, और विभिन्न देशों में हिंदी सीखने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हो रही है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हिंदी भाषा अब न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी लोगों के बीच संवाद का माध्यम बन गई है। हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह सभी समुदायों, धर्मों और संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है। भारत में विविधता के बावजूद हिंदी ने हमेशा एकता का प्रतीक माना है। यह भाषा हमारे राष्ट्र की एकता और अखंडता को मजबूत करती है। हिंदी में संवाद करने से हम अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों को आसानी से व्यक्त कर सकते हैं।विश्व हिंदी दिवस का उद्देश्य हिंदी को एक वैश्विक भाषा के रूप में स्थापित करना है। इस दिन हम यह संकल्प लेते हैं कि हम अपनी भाषा को बढ़ावा देंगे और इसे पूरे विश्व में फैलाने का कार्य करेंगे। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हिंदी को न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी सम्मान मिले।

अतः अगर हम उपलब्ध पर्यावरण का अध्ययन करें इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि,विश्व हिंदी दिवस 10 जनवरी 2025-हिंदी भाषा सभी समुदायों धर्मों संस्कृतियों को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती है।हिंदी केवल एक भाषा ही नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति परंपरा में जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा है।प्राचीन भारत में साहित्य कला व संस्कृति में हिंदी का अभिन्न योगदान है व भारतीय समाज की आत्मा है।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# राजनीति में बाहुबल की जरूरत



राजेंद्र बज

मेरी कमजोर काया इस बात की इजाजत नहीं देती कि मैं राजनीति में कूदूं। वैसे अपनी बुलंद आवाज के चलते कल तक यह भ्रम था कि मेरे जैसे आदमी के लिए राजनीति की राह कोई मुश्किल भरी नहीं होगी। लेकिन आजकल के दौर में राजनीति के मैदान में बाजी मारने के लिए हाथ-पैरों में जोर होना भी जरूरी होता जा रहा है। अन्यथा प्रतिद्वंदी यदि बाहुबली हो तो वजनदार मुद्दा हाथ लग जाने पर भी घिग्घी बंध जाती है और बोलती बंद हो जाती है। कई बार ऐसा भी होता है कि राजनीति में दमदार शख्सियत की बेतुकी बातें भी बहुत दम रखती हैं। कल तक राजनीति में बोलते के बुरे बिका करते थे, लेकिन आज के दौर में जुबान से ज्यादा हाथ पैरों का महत्व स्थापित हो गया है।

अखबारों के पहले पन्ने पर जब यह सुर्खियों में प्रकाशित होता है कि अमुक माननीय ने अमुक माननीय के साथ धक्का मुक्की की, एक की झांकी जम जाती है और दूसरे की झांकी पीट जाती है। धक्के खाने वाला अपने इलाके में किसी को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रहता। इसके विपरीत धक्का देने वाले की झांकी का तो कहना ही क्या! छोटे बड़े सदन में जब बोलने से बात नहीं बने, तो बात को बनाने के लिए ढाई किलो के हाथ और और दस किलों के पैरों का सहारा लेना पड़ सकता है। जिसका कि बड़ा चमत्कारिक प्रभाव हुआ करता है। ऐसे में जो कोई शख्सियत फूंक मार देने से ही हवा में उड़ जाती हो, उसे तो भूल कर भी राजनीति की ओर रुख नहीं करना चाहिए।

लेकिन चंचल मन का क्या करूं? रह रह कर मन में विचार आता है कि अपनी तंगहाल जिंदगी को खुशहाल बनाने के लिए राजनीति के अतिरिक्त और कोई चारा ही नहीं है। इसलिए इस मनोरथ की पूर्ति के लिए अखाड़े में जाकर रियाज करने पर गंभीरता पूर्वक विचार कर रहा हूं। यह जरूर है कि बाहुबली समर्थकों के सहारे भी राजनीति में जड़ जमाई जा सकती है, लेकिन सदन में तो अकेला ही जाना पड़ेगा, धक्का मारने का मौका आए तो अकेले को ही धक्का मारना पड़ेगा-वहां समर्थक कहां साथ आएंगे! यही कारण है कि मैं हाथ पैर चलाने के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर बन जाना चाहता हूं।

राजनीति में अपने होने का एहसास कराने के लिए आजकल के दौर में जुबान से ही काम नहीं चलता। वह तो कोई भी पकड़ सकता है। लेकिन यदि नेतागिरी के साथ-साथ अपना स्वयं का बाहुबल भी हो, तो अपनी बात को भला हल्के में कौन ले सकेगा? वैसे भी आजकल की राजनीति में जुझारू, संघर्षशील, कद्दावर और दबंग नेताओं का ही बोलबाला है। अब वह दिन तो हवा हो गए जब धीर गंभीर, चिंतक, विचारक, और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्ध राजनेताओं की तूती बोलती हो। जब तूती का काम जूती कर सकती है, तो भला और कुछ करने से तो यही बेहतर है कि किसी उस्ताद के मार्गदर्शन में धोबी पछाड़ से लेकर घोड़ा पछाड़ तक के सारे दांव पेंच में महारत हासिल की जाए, तब ही तो राजनीति फलीभूत होगी। है कि नहीं!

## सार संक्षेप

### मलेशिया ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे एचएस प्रणय और मालविका बंसोड़



**कुआलालंपुर** : भारतीय बैडमिंटन स्टार एचएस प्रणय और शटलर मालविका बंसोड़ बुधवार को पुरुष और महिला एकल वर्ग के शुरुआती दौर मुकाबलों में जीत दर्ज कर मलेशिया ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए है। छत से पानी का रिसाव होने कारण मंगलवार को प्रणय का मैच स्थगित करना पड़ा था। उस समय प्रणय 21-12, 6-3 से आगे चल रहे थे। प्रणय ने अपने कनाडाई प्रतिद्वंद्वी ब्रायन यांग को एक घंटे 29 मिनट तक चले मुकाबले में 21-12, 17-21, 21-15 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली हैं। अगले दौर में प्रणय का सामना चीन के शि फेंग से होगा। वहीं महिला वर्ग में मालविका ने मलेशिया की गोह जिन वेई को केवल 45 मिनट में 21-15, 21-16 से पराजित किया। अगले दौर में उनका मुकाबला चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त यू हान और दक्षिण कोरिया की यू पो पाई की विजेता से होगा। तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला तथा सतीश कुमार कुरूणाकरन और आद्या वरियथ की भारतीय जोड़ी भी सुपर 1000 टूर्नामेंट के मिश्रित युगल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई है।

### पीसीबी ने त्रिकोणीय सीरीज कराची और लाहौर स्थानांतरित की

**लाहौर** : पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आठ फरवरी से मुल्तान में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली चार मैचों की एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम और कराची के नेशनल स्टेडियम में स्थानांतरित कर दिया हैं। बोर्ड ने जारी एक बयान में कहा कि गद्दाफी स्टेडियम और नेशनल बैंक स्टेडियम में तैयारियों के अग्रिम चरण को देखते हुए पीसीबी ने आगामी त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला को इन दो स्थानों पर स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। पाकिस्तान के साथ न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली यह श्रृंखला मूल रूप से मुल्तान में आयोजित होने वाली थी। पीसीबी ने कहा कि गद्दाफी स्टेडियम का उद्घाटन जनवरी के आखिरी सप्ताह में किया जाएगा। बोर्ड ने कहा है कि सभी उन्नयन कार्य तय समय सीमा से पहले या उसके आसपास पूरे हो जाएंगे।

### खो-खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाली विदेशी टीमें 10 और 11 को पहुंचेगी

नई दिल्ली : खो-खो विश्वकप में हिस्सा लेने वाली अधिकतर विदेशी टीमें 10 और 11 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी पहुंच जाएंगी। विश्वकप आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बुधवार को यहां बताया की हवाई अड्डे पर खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी और टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रायोजक जीएमआर के अधिकारी विदेशी खिलाडियों और टीम के सदस्यों का भारतीय परम्परा के अनुरूप स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए एक स्पेशल वेलकम डेस्क स्थापित किया जाएगा तथा उन्हें लाउन्ज फैसिलिटीज प्रदान की जाएंगी। होटल पहुंचने पर मेहमान खिलाड़ियों का विश्वकप ट्रॉफी के आकार के केक, भारतीय और विदेशी धुनों के साथ से स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि खो-खो विश्वकप 13 से 19 जनवरी तक हो रहा है। भारत विश्वकप की मेजबानी कर रहा है, सभी मुकाबले नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में खेले जायेंगे। इस विश्वकप में छह महाद्वीपों के 24 देश शिरकत करेंगे।

### सिस्सु में होगा पांच दिवसीय आइस स्केटिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

**केलांग** : हिमाचल प्रदेश के केलांग एसडीएम रजनीश शर्मा ने बताया कि राज्य आइस स्केटिंग एसोसिएशन मनाली द्वारा लाहौल उपमंडल की ग्राम पंचायत सिस्सु में पांच दिवसीय आइस स्केटिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस आइस स्केटिंग ट्रेनिंग कैंप का आयोजन 10 से 14 जनवरी तक किया जाएगा। शर्मा ने जिला व प्रदेश के अन्य जिलों के आइस स्केटिंग सीखने वाले इच्छुक बच्चों से आग्रह किया है कि वह 10 जनवरी 2025 से पूर्व इस कैंप में भाग लेने के लिए 7018927519 मोबाइल नंबर पर अपनी रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने जिला के अधिक से अधिक बच्चों से इस कैंप में भाग लेने का आग्रह किया है।

### स्कूल जाएगी प्रचार गाड़ी, क्यूआर कोड से छात्र बुक करा सकेंगे सीट

**देहरादून** : उत्तराखंड में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की गतिविधियां, जिन शहरों में प्रस्तावित है, वहां पर छात्र-छात्राओं को इससे जोड़ने के लिए पहल की जा रही है। युवा दिवस यानी 12 जनवरी से प्रचार के आठ कंटेनरों को स्कूल-कॉलेजों के लिए रवाना किया जा रहा है। छात्र-छात्राएं इस प्रचार कंटेनरों के माध्यम से खेल मुकाबले के लिए अपनी सीट क्यूआर कोड से बुक करा सकेंगे। राष्ट्रीय खेल देखने के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था है। उत्तराखंड अपनी स्थापना के रजत जयंती वर्ष में इस बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है। राष्ट्रीय खेल 28 जनवरी से लेकर 14 फरवरी तक प्रस्तावित हैं। देहरादून के अलावा हरिद्वार, शिवपुरी-ऋषिकेश, कोटी कालोनी टिहरी, नैनीताल, रूद्रपुर, खटीमा, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ जैसी जगहों पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं होनी हैं। राष्ट्रीय खेल सचिवालय तैयारियों में जुटा पड़ा है। कोशिश ये ही है कि हर वर्ग को इस आयोजन से परोक्ष या प्रत्यक्ष रूप से जोड़ा जाए। छात्र-छात्राओं को इस आयोजन से जोड़ने के लिए अब युवा दिवस के मौके को चुना गया है। विशेष प्रमुख खेल सचिव और राष्ट्रीय खेल सचिवालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिन्हा के अनुसार, प्रचार के आठ कंटेनर 12 जनवरी से विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचेगे।

# सिडनी की पिच को मिली 'संतोषजनक' रेटिंग

● सिडनी,

**अंतरराष्ट्रीय** क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सिडनी की असमान उछाल वाली पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दी है। आईसीसी ने बुधवार को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पिच रेटिंग की जारी रिपोर्ट में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज के पांच में से चार मैचों की पिच पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन और मेलबर्न को 'बहुत अच्छी' तथा सिडनी की पिच को 'संतोषजनक' रेटिंग दी है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के क्रिकेट संचालन और शेड्यूलिंग प्रमुख पीटर रोच ने कहा कि हम बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के लिए तैयार की गई पिचों की गुणवत्ता से खुश हैं और देश भर के क्यूरेटर और आयोजन स्थलों की कड़ी मेहनत के लिए आभारी हैं। हम ऐसी पिचों को प्रोत्साहित करते हैं जो उस स्थल की अनूठी विशेषताओं को सामने लाती हैं और यह लंबे समय से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट की विशेषता रही है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट इतना लोकप्रिय है। उन्होंने कहा कि




हम घरेलू टीम के अनुकूल या किसी सीरीज में हमारी स्थिति के अनुकूल विकेट तैयार करने की कोशिश नहीं करते। हम बल्ले और गेंद के बीच अच्छी प्रतिस्पर्धा और ऐसी पिचें चाहते हैं, जिनसे परिणाम मिलने की संभावना हो।

### इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 14 जनवरी से

**नई दिल्ली, वार्ता** : इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत इस बार 20 खिलाड़ियों का दल उतारेगा। पिछले सीजन में 14 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लिए थे। लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु भारतीय दल की अगुआई करेंगे। यह टूर्नामेंट 14 जनवरी से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में ओलिंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी शि यूकी जैसे सुपरस्टार भी खेलते नजर आएंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव ने कहा कि सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का भाग लेना बताता है कि वर्ल्ड लेवल पर भारत के बैडमिंटन ने कितना विकास किया है।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

## रैंकिंग में 29 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर पहुंचे जडेजा और बोलैंड



### बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को हुआ नुकसान

● दुबई,

**भारतीय** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 908 अंक के साथ शीर्ष पर है।

बुधवार को आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 32 विकेट लेने वाले बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग में स्पिनर रवींद्र जडेजा 745 रेटिंग अंक, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 29 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर आ गए हैं। पैट कमिंस दूसरे, कैगिसो रबाडा तीसरे, हेजलवुड दो पायदान नीचे लुढ़ककर चौथे पर पहुंच गए है। ऋषभ पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में



तीन पायदान की छलांग के साथ नौवें नंबर पर पहुंच गए है। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा पहली पारी में अहम शतक से तीन पायदान की छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए, उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 769 रेटिंग भी हासिल की। वहीं, काइल वेरेने शानदार शतक से चार पायदान के फायदे से 25वें स्थान पर पहुंच गए। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ताजा टेस्ट रैंकिंग में तीन अंक के नुकसान के साथ 614 रेटिंग अंकों के साथ 27वें स्थान पर है। रोहित शर्मा का हाल ताजा टेस्ट रैंकिंग में दो अंकों की गिरावट के साथ 554 प्वाइंट्स के साथ 42वें नंबर पर आ गए हैं।

# साल 2025 में जरूर एक्सप्लोर करें ये 5 बेहतरीन जगह, नए एक्सपीरियंस का मिलेगा मौका

दुनियाभर में घूमने-फिरने में दिलचस्पी रखने वाले लोग हमेशा कहीं न कहीं की ट्रिप प्लान कर लेते हैं। फेमस पर्यटन स्थल हर किसी के पसंदीदा होते हैं। इन जगहों पर कभी पर्यटकों की कमी नहीं होती है। सालों से इन जगहों पर पर्यटन को बढ़ावा मिला है। इस लिस्ट में विदेशी पर्यटक स्थल और देश के पर्यटक स्थल दोनों शामिल हैं। बता दें कि जो लोग शानदार प्राकृतिक नजारों को देखना चाहते हैं, उनके लिए भारत पर्यटन स्थलों से समृद्ध देश है। यहां पर समुद्री तटों के विकल्प और ऊंची बर्फीली पहाड़ियां हैं। हरे-भरे मैदानी क्षेत्र तो सफेद रेतीले मैदान भी हैं। आप जंगल सफारी से लेकर ऊंट सफारी और क्रूज से लेकर फैरी तक के सफर का आनंद उठा सकते हैं। बता दें कि साल 2024 में पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है। साल 2024 में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद करोड़ों की संख्या में सैलानी अयोध्या पहुंचे। तो दूसरी ओर पीएम मोदी के आह्वान पर अंडमान-निकोबार द्वीप समूह और लक्षदीप पर पर्यटकों की काफी संख्या बढ़ी। वहीं अब साल 2025 में भी कई पर्यटन स्थल लोकप्रिय हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी नए साल 2025 में



घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आज इस आर्टिकल के जरिए देश के पांच फेमस पर्यटन स्थलों के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी केरल की प्राकृतिक सुंदरता को निहारना चाहते हैं, तो अलाप्पुझा जा सकते हैं। यहां पर आपको पारंपरिक हाउसबोट का अच्छा अनुभव मिलेगा। एलेप्पी के नाम से जाना जाने वाली यह जगह सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यहां पर आप नवंबर से फरवरी के बीच घूमने आ सकते हैं। इस दौरान आप अलाप्पुझा बीच, वेम्बनाड झील, मारारी बीच, कुमारकोम पक्षी अभयारण्य और पुन्नमदा झील के प्राकृतिक परिवेश का अनुभव करें। यहां पर रेवी करुणाकरण मेमोरियल म्यूजियम, सेंट मैरी चर्च और अलाप्पुझा लाइट हाउस का लुत्फ उठाएं।

**जैसलमेर**

जैसलमेर थार रेगिस्तान में बसा है, यह राजधानी की संस्कृति के साथ हमेशा बदलते टीलों और परंपराओं का अनुभव कराने के लिए एक परफेक्ट जगह है। प्राचीन बलुआ पत्थर की वास्तुकला, कभी न खत्म होने वाला रेगिस्तान और तेज धूप ने जैसलमेर को 'गोल्डन सिटी' का खिताब दिया है। आप नवंबर से फरवरी के बीच इस खूबसूरत शहर को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप वुड फॉसिल पार्क, कुलधरा गांव, व्यास छतरी, जैसलमेर युद्ध संग्रहालय, जैसलमेर किला, कोठारी की पटवों की हवेली, गड़ीसर झील, नाथमल जी की हवेली और थार रेगिस्तान को घूम ने जा सकते हैं।

**गिर नेशनल पार्क**

गुजरात में गिर राष्ट्रीय वन के नाम से फेमस यह पार्क भारत में मैजेस्टिक एशियाई शेरों को देखने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। यह पार्क जूनागढ़, अमरेली और गिर सोमनाथ जिलों में फैला हुआ है। यह काठियावाड़-गुर शुष्क वन का हिस्सा है। नवंबर से मार्च तक का समय इस जगह को घूमने के लिए सबसे बेहतर है। यहां आप जंगल सफारी के जरिए 674 शेर, 300 तेंदुए और 425 पक्षियों की प्रजातियों में से कोई एक देख सकते हैं।

**गोवा**

समृद्ध पुर्तगाली संस्कृति, जीवंत नाइटलाइफ और शानदार समुद्र तट की वजह से गोवा साल भर घूमने के लायक है। साल 2025 में भी गोवा भारत में घूमने के लिहाज से सबसे अच्छी जगहों में से एक है। वैसे तो गोवा घूमने का सबसे अच्छा समय नवंबर से फरवरी का है। इस दौरान आप कलंगुट, अरम्बोल, अगोंडा, पणजी, कैंडोलिम, बागा, वागाटोर, कोल्वा, पालोलेम और वर्का की खोज करें। समुद्र तट पर मौज-मस्ती के अलावा कयाकिंग, सर्फिंग या स्कूबा डाइविंग भी कर सकते हैं।

## सुंदर वन्यजीव अभ्यारण्यों में से एक है कन्हा नेशनल पार्क



कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, मध्यप्रदेश के बालाघाट और मंडला जिलों में स्थित एक प्रमुख राष्ट्रीय उद्यान है। यह भारत के सबसे प्रसिद्ध और सुंदर वन्यजीव अभ्यारण्यों में से एक है। कन्हा न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यह भारतीय उपमहाद्वीप के सबसे बड़े बाघ संरक्षण क्षेत्रों में भी शामिल है। यह उद्यान 940 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है और भारतीय वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक अद्वितीय गंतव्य स्थल है। कान्हा नेशनल पार्क की स्थापना 1955 में की गई थी। शुरूआत में इसका क्षेत्रफल लगभग 300 वर्ग किलोमीटर था, जिसे बाद में बढ़ाकर वर्तमान में लगभग 940 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया। यह पार्क मुख्य रूप से बाघों और अन्य वन्यजीवों की प्रजातियों के संरक्षण के लिए स्थापित किया गया था। कन्हा को "बाघों का घर" भी कहा जाता है क्योंकि यह बाघों की सबसे बड़ी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है। यह पार्क 1973 में भारत सरकार के प्रोजेक्ट टाइगर के तहत एक संरक्षित क्षेत्र के रूप में घोषित किया गया था।

**संगठित सफारी:** कान्हा नेशनल पार्क में जीप सफारी और हाथी सफारी की व्यवस्था है, जिससे पर्यटक जंगल के भीतर जाकर वन्यजीवों का करीबी से अवलोकन कर सकते हैं। यह सफारी वाइल्डलाइफ फोटोग्राफरों और जीव-जंतुओं के प्रेमियों के लिए एक आदर्श अनुभव है।

**जंगल का दृश्य:** कान्हा नेशनल पार्क अपनी भव्य हरियाली, घने जंगलों, और खुले घास के मैदानों के लिए प्रसिद्ध है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण दर्शनीय है।

बर्ड वॉचिंग: कान्हा पार्क में पक्षियों की 300 से अधिक प्रजातियाँ पाई जाती हैं। यह स्थल बर्ड वॉचिंग के शौकिनों के लिए स्वर्ग जैसा है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के रंग-बिरंगे और दुर्लभ पक्षी देखने को मिल सकते हैं।

# ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अनुभव कराता गंडिकोटा

**गंडिकोटा।** आंध्र प्रदेश के सबसे खूबसूरत और अद्भुत पर्यटन स्थलों में से एक है। इसे अक्सर "दक्षिण का ग्रैंड कैन्यन" कहा जाता है। यह स्थान अपनी शानदार चट्टानों, सुंदर घाटियों और ऐतिहासिक किलों के लिए प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं गंडिकोटा के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में। यह वीनर्स नकली दांतों से 300 गुना बेहतर है! और कीमत बहुत सस्ती हैऔर जानें

1. गंडिकोटा किला

गंडिकोटा का किला इस क्षेत्र का सबसे बड़ा आकर्षण है। इसे 16वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह भव्यता और ऐतिहासिकता का प्रतीक है। किले की दीवारें, मीनारें और दरवाजे अद्भुत वास्तुकला का नमूना हैं। यहाँ से घाटी का दृश्य बेहद सुंदर है।

2. कावेरी नदी

गंडिकोटा के निकट कावेरी नदी बहती है, जो यहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को और बढ़ाती है। नदी के किनारे बैठकर लोग शांति और सुकून का अनुभव करते हैं। यहाँ की जलधारा और लहरें पर्यटकों को आकर्षित करती हैं।

3. गंडिकोटा घाटी

गंडिकोटा घाटी अपने अद्भुत दृश्य और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ की चट्टानें और घाटियाँ फोटोग्राफी के लिए एक बेहतरीन स्थान हैं। सूर्यास्त का दृश्य यहाँ से देखने लायक होता है।

4. रानी दुर्गा देवी का मंदिर

यह प्राचीन मंदिर गंडिकोटा में स्थित है और देवी दुर्गा को समर्पित है। यहाँ पर आने वाले भक्तों की एक बड़ी संख्या होती है। मंदिर का वास्तुशिल्प और यहाँ का वातावरण श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है।

5. जैन मंदिर

गंडिकोटा में एक प्राचीन जैन मंदिर भी है, जो जैन धर्म के अनुयायियों के लिए महत्वपूर्ण है। यहाँ की शिल्पकला और जैन मूर्तियाँ अद्वितीय हैं।

यात्रा की जानकारी

गंडिकोटा की यात्रा के लिए निकटतम रेलवे स्टेशन जिद्दलूर है, जो लगभग 30 किलोमीटर दूर है। सड़क मार्ग से भी यहाँ पहुँचना आसान है। यह स्थान वर्ष भर में किसी भी समय यात्रा के लिए उपयुक्त है, लेकिन मानसून के बाद यहाँ की प्राकृतिक सुंदरता और भी बढ़ जाती है।

देखा जाये तो गंडिकोटा एक ऐसा स्थान है जहाँ आप ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक सौंदर्य और शांति का अनुभव कर सकते हैं। यहाँ की चट्टानें, घाटियाँ और किला एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)